संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 147 सोमवार 31 मार्च 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### अब टू-व्हीलर खरीदने पर दो आईएसआई हेलमेट देने होंगे



### नितिन गडकरी ने बनाया नया नियम

**नई दिल्ली,30 मार्च 2025(ए)।** भारत में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के इरादे से केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि अब हर दोपहिया वाहन के साथ दो आईएसआई सर्टिफाइट हेलमेट देना अनिवार्य होगा। नई दिल्ली में आयोजित ऑटो समिट में इस महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा की गई, जिसे टू-व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का पूरा समर्थन मिला है।

### नगालैंड और अरुणाचल में अफस्पा की मियाद 6 महीने बढ़ी



### गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली/मणिपुर,30 मार्च 2025(ए)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को अगले छह महीनों के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। मणिपुर में यह कानून पूरे राज्य में लागू होगा, सिवाय 13 पुलिस थाना क्षेत्रों के। अरुणाचल प्रदेश के तीरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के साथ-साथ तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा प्रभावी रहेगा। नगालैंड में आठ जिलों और पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में यह अधिनियम लागू किया गया है। यह विस्तार 1 अप्रैल 2025 से छह महीने तक जारी रहेगा, जब तक इसे पहले वापस न लिया जाए।

### बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरे,एक की मौत



**भुवनेश्वर,30 मार्च 2025(ए)।** ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई है जबकि 8 लोग घायल हो गए हैं। ये ट्रेन बेंगलुरु से गुवाहाटी स्थित कामाख्या स्टेशन की ओर जा रही थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस घटना की पुष्टि की। कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने पर डीएम दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा कि घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, 8 लोग घायल हैं, जिन्हें रेफर करने की जरूरत थी और उन्हें शिफ्ट कर दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

### मेडिकल कॉलेज के होस्टल के रेलिंग से लटकती मिली लेडी डॉक्टर की लाश



**ग्वालियर,30 मार्च 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर के गजराराजा मेडिकल कॉलेज में डीम कर रही एक महिला डॉक्टर की लाश कॉलेज के ही होस्टल के रेलिंग से लटकी हुई मिली। जानकारी के अनुसार, डॉ. रेखा रघुवंशी न्यूरोलाजी से ओडीएम की पढ़ाई कर रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। कॉलेज ने परिजनों को मामले के बारे में जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मौके पर आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है। गजराराजा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने मृतक रेखा रघुवंशी के परिजनों को सूचना दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# मोदी से छत्तीसगढ़ को मिली 33 हजार 700 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात

## पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता का 'जय जोहार' के साथ किया अभिवादन

**रायपुर,30 मार्च 2025(ए)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर विकास की नई रोशनी फैली है,जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की बहुआयामी परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने जनसभा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया।



### जनकल्याण और अधोसंरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाएं रेल, सड़क, ऊर्जा, ईंधन, आवास और शिक्षा से जुड़ी हैं, जो न केवल लोगों के जीवन में खुशहाली और सुविधा का नया सूर्योदय लाएंगी, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ की नींव भी मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर लोगों ने भरोसा किया जिससे विधानसभा और लोकसभा चुनावों में डबल इंजन की सरकार बनी और अब स्थानीय निकाय चुनावों में तीसरा इंजन भी जुड़ गया है।

### 2047 के विकसित भारत की ओर छत्तीसगढ़ का मजबूत कदम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भावी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखकर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ इसमें ऊर्जा, खनिज और कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक बनेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसे कार्यक्रमों के जरिए अंतिम छोर तक लाभ पहुंचा है। साथ ही रेल, सड़क, एयर कनेक्टिविटी और डिजिटल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है।

### आदिवासी विकास में विशेष योगदान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-मन, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने जनजातीय बहुल छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा और दशा दी है। भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अयोध्या में श्रीरामलला का भव्य मंदिर बना और प्रयागराज महाकुंभ में भारत की संस्कृति की भव्यता को दुनिया ने देखा।

### छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी शक्ति से जुटी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अंत में प्रधानमंत्री जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि जब-जब छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हमने मांग की, आपने अपेक्षा से अधिक दिया। इसके लिए हम सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

### पीएम मोदी पहुंचे बिलासपुर, सीएम के साथ मंत्रिमंडल के सदस्यों ने गजमाला पहनाकर किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ पहुंचने पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने श्री मोदी का आत्मीय स्वागत किया। यहां राजधानी में संक्षिप्त कार्यक्रम के बाद श्री मोदी सीधे बिलासपुर के मोहभट्ठा रवाना हो गए। यहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्हें एक स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सीएम श्री साय के साथ ही डा. रमन सिंह, सांसद श्री साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित विधायकों व जनप्रतिनिधियों ने पीएम श्री मोदी को गजमाला पहनाकर प्रदेशवासियों की ओर से आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की कर रहा है।




## पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ राज्य में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 4 महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, जिनकी कुल लागत ₹2,695 करोड़ है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोहभट्ठा, बिलासपुर स्थित कार्यक्रम स्थल से अभनपुर-रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं राज्य में रेल परिवहन को और मजबूत करेंगी, जिससे यात्री एवं माल परिवहन को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

### आधारशिला रखी गई 7 रेलवे परियोजनाएं

1. खरसिया-झाराडीह (पांचवी लाइन) - 6 किमी (लागत: ₹80 करोड़)
2. सरगबुंदिया-मड़वारानी (तीसरी एवं चौथी लाइन) - 12 किमी (लागत:₹168 करोड़)
3. दाधापारा-बिल्हा-दगोरी (चौथी लाइन) - 16 किमी (लागत: ₹256 करोड़)
4. निपनिया-भाटापारा-हथबंद (चौथी लाइन) - 23 किमी (लागत~0: ₹347 करोड़)
5. भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन (चौथी लाइन) - 12 किमी (लागत: ₹233 करोड़)
6. राजनांदगांव-डोंगरगढ़ (चौथी लाइन) - 31 किमी (लागत: ₹328 करोड़)
7. करगी रोड-सल्का रोड (तीसरी लाइन) - 8 किमी (लागत: ₹95 करोड़)



**राष्ट्र को समर्पित की गई रेलवे परियोजनाएं:**

1. राजनांदगांव-बोरतलाव (तीसरी लाइन) - 48 किमी (लागत~ ₹747 करोड़)
2. नई रेल लाइन - मंदिर हसौद-केन्द्री-अभनपुर - 26 किमी (लागत~ ₹353 करोड़)
3. दुर्ग-रायपुर (ऑटोमैटिक सिग्नलिंग) - 37 रेल किमी (लागत~ ₹88 करोड़)
4. छत्तीसगढ़ राज्य में शत-प्रतिशत रेलवे लाइन का विद्युतीकरण

**मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ**

अभनपुर-रायपुर (व्हाया-मंदिर हसौद) मेमू ट्रेन सेवा

**परियोजनाओं के प्रमुख लाभ**

**नया रायपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटी** अभनपुर, रायपुर, और मंदिर हसौद के बीच मेमू ट्रेन सेवा शुरू होने से स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सेवा छत्तीसगढ़ राज्य मंत्रालय और सचिवालय जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए समय और धन की बचत करेगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी।

**यात्रियों के लिए तेज़ और सुविधाजनक यात्रा**

नई रेलवे लाइनों और अतिरिक्त ट्रैकों के निर्माण से ट्रेन की गति बढ़ेगी, जिससे यात्रा अधिक तेज़ और सुगम होगी।

**रेल यातायात में सुधार**

तीसरी, चौथी और पाँचवीं लाइन की परियोजनाएं ट्रेन संचालन क्षमता को बढ़ाएंगी, जिससे ट्रेनों की समयबद्ध आवाजाही सुनिश्चित होगी।

**माल परिवहन को बढ़ावा**

औद्योगिक रेलवे मार्गों के उन्नयन से कोयला, इस्पात और अन्य सामानों का परिवहन तेज़ और किफायती होगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**नए राजधानी क्षेत्र के लिए बेहतर कनेक्टिविटी**

अभनपुर-केन्द्री-मंदिर हसौद रेलवे लाइन नया रायपुर को रेलवे नेटवर्क से सीधे जोड़ेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। ये परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाएंगी, माल और यात्री परिवहन की गति बढ़ाएंगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल मोहभट्ठा बिलासपुर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, जप्रतिनिगण, रेलवे, एनटीपीसी सहित अन्य उपक्रमों व राज्य सरकार के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीएम साय ने भेंट किया कोसा सिल्क से बना हस्तनिर्मित शॉल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बिलासपुर जिले के ग्राम मोहभट्ठा में आयोजित आमसभा और विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में कोसा सिल्क से निर्मित एक विशेष हस्तनिर्मित शॉल भेंट किया, जो छत्तीसगढ़ की समृद्ध बुनाई परंपरा और जनजातीय सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह शॉल न केवल कपड़े का एक सुंदर नमूना है, बल्कि छत्तीसगढ़ की कला, संगीत और जनजातीय अस्मिता का जीवंत दस्तावेज भी है। यह शॉल पूरी तरह हस्तनिर्मित है और इसमें राज्य की स्थानीय बुनकर परंपरा की गहराई को दर्शाया गया है।



### मोदी,अजय और मूणत गदगद दिखे

माना एयरपोर्ट में पीएम मोदी,अजय चंद्राकर और राजेश मूणत गदगद होते दिखे। यह तस्वीर खूब वायरल हो रहा है। जिसके बाद बिलासपुर में पीएम मोदी ने 33 हजार 700 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने कहा, इसमें गरीबों के घर, स्कूल, रोड, रेल, बिजली, गैस की पाइपलाइन...ये सारे प्रोजेक्ट्स छत्तीसगढ़ के लोगों को सुविधाएं देने वाली है। आप सभी को इस विकास कार्य के लिए बहुत-बहुत बधाई। आप सभी ने अनुभव किया है कि हमारी सरकार कितनी तेजी अपनी गारंटियां पूरी कर रही है। छत्तीसगढ़ की बहनों से जो हमने वादा किया था, वो पूरा करके दिखाया है। धान किसानों से दो साल का बकाया बोनस मिला है। बढ़े हुए एमएसपी पर धान की खरीदी की गई है। इसे लाखों किसान परिवारों को हजारों करोड़ रुपए मिले हैं। कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए, भाजपा सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों को लेकर जांच बैठाई है। हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं करवा रही है।



### पीएम मोदी के कार्यक्रम में जा रहे बीजेपी कार्यकर्ता समेत 2 की मौत,




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले बड़ा सड़क हादसा हो गया है। एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ ताराबहरा के रहने वाले भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओ से भरी बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सोन नदी से नीचे गिर गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 8 भाजपा कार्यकर्ता घायल हुए है, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सभी पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

## ड्रम नहीं,इलेक्ट्रिक पंप बॉक्स में मिली लाश

### » सनकी पति ने पत्नी का घोंटा गला और काटे हाथ पैर...


**सांगली,30 मार्च 2025(ए)।** महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या के बाद शव के टुकड़े करके इलेक्ट्रिक पंप बॉक्स में ठूंस दिया। कहते हैं कि नशा आदमी को बर्बाद कर देता है। ऐसे कई मामले आपने सुने होंगे, लेकिन महाराष्ट्र के सांगली में पति ने नशे में पत्नी का गला घोंटकर उसे हमेशा हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया। बर्बरता की हद तो देखिये,हत्या के बाद पति ने पत्नी के शव को इलेक्ट्रिक पंप बॉक्स में ठूंस दिया। मामला शिराला तालुका के मंगले इलाके की है। मृतक महिला का नाम प्राजक्ता मंगेश कांबले (उम्र 28) था। वहीं, उसके कातिल पति का नाम मंगेश चंद्रकांत कांबले है। हत्या के बाद मंगेश कांबले को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, मंगेश का भाई नीलेश और उसकी मां पिछले पंद्रह वर्षों से मंगले में रह रहे हैं। वो यहां वारनानगर रोड पर ज्योतिबा मंदिर के सामने रामचंद्र वाघ के कौलारू घर में किराए पर रहते हैं। चार दिन पहले मंगेश,उसकी पत्नी प्राजक्ता,छह वर्षीय बेटा शिवम और तीन वर्षीय बेटी शिवन्या मुंबई से अपनी मां और भाई के पास रहने आए थे।चार दिन बाद नीलेश और प्राजक्ता के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई। बहस इस कदर बढ़ी कि मंगेश ने रस्सी से प्राजक्ता का गला घोंटकर उसे मार डाला।



प्राजक्ता की हत्या करने के बाद मंगेश कांबले ने उसके शरीर को काटा। फिर कटे हाथ पैर सहित शव को नीलेश के मकान मालिक के घर पर रखे इलेक्ट्रिक पंप बॉक्स में डाला। ऊपर से फिर पंप को ढक दिया। इसके बाद मंगेश ने कमरे को भी बाहर से बंद कर दिया। फिर उसने अपने भाई नीलेश को फोन करके बताया कि वह शिराला जा रहा है। नीलेश की मानें तो-उसने मुझसे कार लाने को कहा था। इसके बाद वो कार से शिराला के लिए निकल गया।इस बीच, मंगेश का छह वर्षीय बेटा शिवम दरवाजे पर रो रहा था। तभी नीलेश ने उससे सवाल किया कि क्या हो गया। छह वर्षीय शिवम ने उसे बताया कि उंसके माता-पिता के बीच झगड़ा हुआ था। उसके पापा ने उसकी मां को पीटा था। उसे अपने कमरे में बंद कर दिया था। बस यहीं से पूरे मामले का खुलासा हुआ।

## मां वैष्णो देवी की अटका आरती होती है बेहद खास

**नई दिल्ली ,30 मार्च 2025(ए)।** आज से चैत्र नवरात्रि शुरू हो गई है और माता वैष्णो देवी मंदिर सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। यहां होने वाली अटका आरती एक बेहद खास अनुष्ठान है, जिसे देखने और उसमें शामिल होने की इच्छा हर भक्त की होती है, लेकिन अटका आरती में शामिल होने के लिए पहले से ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक है। अगर आप भी माता वैष्णो देवी की अटका आरती में शामिल होना चाहते हैं, तो यहां हम आपको इसकी पूरी बुकिंग प्रक्रिया और इससे जुड़ी जरूरी जानकारी देंगे।अटका आरती माता वैष्णो देवी के दरबार में होने वाली विशेष पूजा है, जो दिन में दो बार–सुबह और शाम को आयोजित की जाती है। इस आरती के दौरान मंदिर परिसर को पूरी तरह बंद कर दिया जाता है और केवल आरती बुकिंग कराने वाले श्रद्धालुओं को ही इसमें शामिल होने का अवसर मिलता है। आरती के दौरान वैदिक मंत्रों, भजनों और शंख-घंटियों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। मान्यता है कि इस आरती में शामिल होने से माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



CMYK

# संपादकीय

## अमित शाह का संकल्प

केंद्र की वर्तमान सरकार का नक्सलमुक्त भारत अभियान अपनी गति पर है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के दो अलग-अलग अभियानों में 30 नक्सली मारे गए।गृह मंत्रालय के अनुसार 2025 के इन तीन महीनों में 90 नक्सली मारे जा चुके हैं,204 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। 2024 में 290 नक्सलियों को मार गिराया गया था। 2004 से 2014 के दौरान नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं। अब मोदी सरकारा के कार्यकाल में 2014-24 के बीच नक्सली हिंसा की संख्या 53 फीसद घटकर 7,444 रह गई है।इन आंकड़ों को देखकर लगता है कि गृह मंत्री अमित शाह 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने का अपना संकल्प पूरा कर लेंगे। नक्सलवादी आंदोलन की भीतरी स्थिति क्या है, यह मालूम करने के स्रोत सूख गए हैं। अब जिस तरह का माहौल बन गया है, या सरकार ने बना दिया है, उसमें अब कोई भी न तो नक्सलवादियों की जमीनी हकीकत को सामने लाने की स्थिति में है और न उनके विचारधारात्मक पक्ष की वकालत करने की स्थिति में है।सरकार प्राय- जिस अर्बन नक्सलवाद शब्द का प्रयोग करती है और जिन-जिन बौद्धिक या वैचारिक समूहों पर शहरी नक्सलवादी होने का आरोप लगाती है, वे भी वस्तुत- सरकार विरोधी हैं, नक्सलवाद समर्थक कम। यह इस दौर का ठोस यथार्थ है कि नक्सलवाद की जमीन अब खत्म हो गई है। मुख्य धारा का कोई भी राजनीतिक दल या क्षेत्रीय दल दलितों-आदिवासियों के शोषण को अपनी राजनीति के केंद्र में नहीं रखता।नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी समूह न केवल बढ़-चढ़ कर चुनावी प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं, बल्कि नक्सलवाद को अपने लिए अवरोधक मानकर उसके प्रति तिरस्कार का रुख अपना रहे हैं। इन परिस्थितियों में नक्सलवादियों के लिए शायद यही श्रेष्ठ विकल्प है कि वे अपनी रणनीति बदलें और हथियार छोड़कर देश भर में व्याप्त शोषण और अन्याय के विरुद्ध वैचारिक विमर्श की रणनीति अपनाएं। इससे हो सकता है कि मौजूदा राजनीति को शोषण को समझने और उससे निपटने के लिए एक अधिक प्रभावी दृष्टि उपलब्ध हो।

# माता सेवा के प्रतीक जस-जोत जंवाराःनवरात्रि परब



**अशोक पटेल आशु**
तुस्मा,शिवरीनारायण छत्तीसगढ़



हमर छत्तीसगढ म नवरात के विशेष महत्व होथे। ए परब के आय म हमर राज के जम्मों देवी मंदिर म उछाह आ जाथे। हमर छत्तीसगढ म देवी माता मन के अलग-अलग नाम अउ उनकर पीठ हावय।जेमन सुग्घर मजा के ऊँचा-ऊँचा पहड़िया म बिराजित हावय।जईसे कि रायगढ़ के डोकरी दाई,चंदरपुर के चंद्रासैनी, रतनपुर के महामाई,धमतरी के बिलाई माता, गंगरेल के अंगार मोती,डोंगरगढ़ के बमलाई,बिलासपुर के कालीमाई, रायपुर के बंजारी माता, महासमुंद के खल्लारी माता, दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी दाई, प्रमुख माने जाथे। ए देवी मन के विशेष पूजा-आराधना ल हमर राज म राज करईया सामंती राजा-महराजा,जमींदार मन करीन। काबर की इही देवी मन ओमन के कुलदेवी के रूप म प्रतिष्ठित रहय। इही मन के एमन पूजा करय। ए परंपरा हर आज भी हमर छत्तीसगढ़ म जीवंत बने हावय। अउ जब भी ए नवरात के परब हर आथे। हमर राज के जम्मो शक्ति पीठ मन म ज्योति कलश के स्थापना हो जाथे,जवा हर बोंआ जाथे। ज्योति कलश अउ जवा ल माता के स्वरूप ही माने जाथे। एकरे पाए के तो जम्मो भक्त मन पूरा नौ दिन ले माता सेवा,जस जंवारा के गीत ल गाङ्गा के माता के सेवा ल करथें। नवरात्रि के पहिली दिन ही ज्योति जलाए जाथे, इही दिन जंवारा ल भी बोंए जाथे। ए बेरा म माता सेवा के जस गीत गाए जाथे।जेमा देवी माता के महिमा म मांदर, झांज,मंजीरा के माध्यम से सुग्घर राग म प्रस्तुत करे जाथे।जेला सुनके दर्शक मन मात जाथें। अउ झुम-झूम के नाचना शुरू कर देथे। ए नवरात्रि म जंवारा के विशेष महत्व होथे,जेला हमर गाँव अंचल म बहुत ही श्रद्धा,विश्वास के साथ मनाए जाथे। ए जंवारा के पाछु म जनमानस मन अपन घर-परिवार,पुरखा के परंपरा के पालन करथें। ए परंपरा म देवी माता ल अपन कुल देवी के रूप जानथें।जे देवी हर उनकर घर-परिवार ल सुख, शांति, समृद्धि, अउ जन-धन के आशीर्वाद देथे। ए जंवारा दु तरह ले मनाए जाथे। पहिली जंवारा ल सेत जवारा कहे जाथे। दूसर ल मारन जंवारा कहे जाथे। सेत जवारा ह सात्विक होथे जेमा फूल पान,नारियल,नीबू ले पूजा करे जाथे। अउ मारन जंवारा ल तामसिक कहे जाथे। जेमा जीव-जंतु के बलि दिए जाथे। एकर बाद आथे अठवाही अर्थात अष्टमी तिथि म यज्ञ-हवन करे जाथे।जेमा भूल-चूक के लिए अनुनय-विनय करे जाथे। अठवाही के दिन विशेष महत्व होथे। ए दिन घर ,मंदिर म विशेष उछाह होथे।आस-पास के हित-प्रीत मन ला न्यौता दिए जाथे। सब जंवारा माता के फुलवारी म नारियल चढ़ाथें। अउ उनकर प्रसाद ,आशीर्वाद प्राप्त करके अपन घर जाथें।नवमी के दिन जंवारा के विसर्जन होथे। ए विसर्जन के बेरा म अब्बड़ माता-सेवा के गीत गाए जाथे। कई झन मनखे मन ल माता भी चढ़ जाथे।तब ए मन साट लेथें। एमा नारियल या फेर कांसी के डोरी होथे जेकर से ए मन ल मारे जाथे। कई झन तो बाना-बरछी घलो ल लेके अपन जीभ हाथ मन ल भी छेदवाथें। जेमा ओमन के आस्था हर झलकथे। अउ ए प्रकार से माता-सेवा,जस-गीत गावत जंवारा माता के विसर्जन करथें।नवरात्रि के ये परब हर हमर छत्तीसगढ़ के सबले बड़े परब के रूप म मानय जाथे। जेमा जन-समुदाय के मन म आस्था-विश्वास अउ भक्ति हर फरी-फरी झलकथे। ए परब हर नारी-शक्ति देवी के अराधना आय।जेमा हमन ल चिंतन करे के आवश्यकता हे,नारी के सम्मान उनकर मर्यादा के बात ल भी ध्यान करे के आवश्यकता हे। बिना नारी शक्ति के हमर जीवन अधूरा हे। नारी हमन के शक्ति अउ प्रेरणा आय। नारी सृष्टि के आधार आय। तभे तो कहे गय हावय
जहाँ नारी के सम्मान होथे,वहीं देवता मन के भी वास होथे।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# नौ माताओं के इस महापर्व के साथ हिंदू नव वर्ष का शुभारंभ

## पवित्र चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ हिंदू नव वर्ष की आप सभी को शुभकामनाएं अनंत बधाइयां...



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर छत्तीसगढ़

नवरात्रि का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार) बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता है। यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी ,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता है। द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है। सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माने जाते हैं एवं इन रंगों के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाती है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदाईनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्या के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा तथा अर्चना का विधान है, नवरात्रि की पूजा में तंत्र साधना करने वाले लोग इस दिन काले रंग का वस्त्र धारण करके इनकी पूजा अर्चना करते हैं साधकों को इस दिन बैगनी, स्लेटी ,नीला एवं आसमानी रंग का वस्त्र धारण कर मां के इस दिव्य रूप की पूजा अर्चना करनी चाहिए जिससे संपूर्ण ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के आठवें दिन सर्व सौभाग्य दाइनी देवी महागौरी की उपासना का दिन माना जाता है। यह अत्यंत पवित्र दिन होता है और यह देवी धन, वैभव, सुख, शांति की शक्तिशाली देवी मानी जाती हैं। इनकी पूजा के दौरान साधकों को रातों को केसरिया संतरी गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिए जिससे सुख एवं सौभाग्य की अखंड प्राप्ति होती है। शिवरात्रि मैं माताओं के नौ रूपों में दुर्गा पूजा के नौवें तथा आखरी दिन संपूर्ण विधि विधान, रीति रिवाज और पूर्ण निष्ठा के साथ देवी की आराधना करने वाले साधकों को संपूर्ण सिद्धियां प्राप्त होती हैं और इनकी उपासना के समय हरा धागों को लाल गुलाबी नारंगी रंग के वस्त्र पहनने से समाज में पद प्रतिष्ठा वैभव एवं धन की प्राप्ति होती है।नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन अर्चना एवं निष्ठा से की गई आराधना से इस जगत का कल्याण भी होता है साथ ही इस पवित्र 9 दिनों में असंख्य दीप जलाकर माता को प्रसन्न करने का प्रयास किया जाता है। नवरात्रि में उपवास रखने तथा विधि विधान से अर्चना करने से मनुष्य का जीवन तथा परलोक सफल होना शास्त्रों के अनुसार तय माना जाता है। आप सभी को चैत्र नवरात्रि कथा हिंदू नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं एवं बधाइयां।




## कविता
## हिन्दू नववर्ष अभिनंदन

घटती-घटना



**मोनिका डागा**
चेन्नई
तमिलनाडु

नूतन नव वर्ष का अभिनंदन,
गाओ मिल मंगल मीठे गान,
एकाग्रचित्त हो कर्म पथ पर,
बनाओ अपनी श्रेष्ठ पहचान ।
गूंजायमान है सारी ही दिशाएं,
गीत गा रही है सुखद हवाएं,
रख दृष्टि संकल्पित लक्ष्य पर,
विकसित करो अपनी कलाएं ।
सपनों के सुनहले रंग रूप लिए,
मधुर आनंद मुस्कान संग लिए,
बढ़ो सटीक समय की धार पर,
शिखर आरोहण की चाह लिए ।
वेगमय हुई मन की ताल तरंगें,
लहराई अन्तर्मन में मधु उमंगें,
प्रकृति की सुरमई चाल पर,
कर्मठ हो,स्वप्न नींद से जगें ।
प्रगति करे देश आज हमारा,
बने आप दूसरों का सहारा,
विश्व बंधुत्व की नेक ताल पर,
सुखी सम्पन्न हो जीवन सारा ।

## कविता
## मनका भोले का नाम

घटती-घटना



**कार्तिकेय कुमार**
गांधीनगर,इंदौर
मध्यप्रदेश



आओ भोले पास में बैठें,
मिलकर थोड़ा-सा बतियालें,
इधर-उधर की छोड़ दें चिंता,
बस मन भर कर मुस्कालें।
आओ भोले पास .....
इसका लेना उसका देना,
यहीं धरा रह जाएगा,
भोले से जीवन का सारा,
सार समझ में आएगा।
आओ भोले पास ......
भोले अपने मन की कह कर,
मन मेरा बहलाते हैं,
भावों में बह जाते हैं हम,
अश्रु चरण गिर जाते हैं।
आओ भोले पास .....
कांधे पर थपकी दे देकर,
कसर पूरी करते भोले,
जीवन की हर मृगतृष्णा को,
खुद हर जाते हैं भोले।
आओ भोले पास ....
तन-मन में जो बंधा हुआ है,
मनका भोले नाम का,
एक-एक मोती शिव मूरत-सा,
दिखता भोलेराम का।
आओ भोले पास ....

कला-संस्कृति पर आज विशेष

# राजस्थान का प्रमुख लोकोत्सव है गणगौर पर्व



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू,राजस्थान

गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान,हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीर्घायु और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।

गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़,हाड़ौती,शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।



कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है।

होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं।

**गौर ये गणगोर माता खोल**
**किवाड़ी,छोरी खड़ी है**
**तन पूजण वाली।**

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं:-

**म्हारी गौर तिसाई ओ राज**
**घाट्यारी मुकुट करो,**
**बीरमदासजी रो ईसर ओराज,**
**घाटी री मुकुट करो,**
**म्हारी गौरल न थोड़ो पानी**
**पावो जी राज घाटीरी**
**मुकुट करो।**

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं:-

**म्हारा बाबाजी के माण्डी**
**गणगौर,दादसरा जी के**
**माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,**
**ल्यायोजी-ल्यायो ननद बाई**
**का बीर,ल्यायो हजारी**
**ढोला झूमकड़ो।**

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का ''बिन्दौरा'' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं:-

**ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई**
**पेच संवार ओ राज म्हे ईसर**
**थारी सालीछां।**

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी,तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैं:-

**गोरल ये तू आवड़ देख बावड़**
**देख तन बाई रोवा याद कर।**

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है:-

**''तीज त्यौहारा बावड़ी**
**ले डूबी गणगौर''।**

अर्थात् जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है।

**''सासू भलरक जायो ये**
**निकल गई गणगौर,**
**मोल्यो मोड़ों आयो रे''।**

गणगौर महिलाओं का त्योहार माना जाता है इसलिए गणगौर पर चढ़ाया हुआ प्रसाद पुरुषों को नहीं दिया जाता है। गणगौर के पूजन में प्रावधान है कि जो सिंदूर माता पार्वती को चढ़ाया जाता है महिलाएं उसे अपनी मांग में सजाती हैं। शाम को शुभ मुहूर्त में गणगौर को पानी पिलाकर किसी पवित्र सरोवर या कुंड आदि में इनका विसर्जन किया जाता है।आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं।अब राजस्थान पर्यटन विभाग की वजह से हर साल मनाए जाने वाले इस गणगौर उत्सव में शामिल होने कई देशी-विदेशी पर्यटक भी पहुँचने लगे हैं।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने किया माता रानी का दर्शन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
चैत्र नवरात्रि की शुरूआत रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके साथ ही मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने और माता की आराधना के लिए भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर श्रद्धालुओं के बीच खास उत्साह देखा गया। भक्तों ने मंदिर पहुंच कर मां के सीधा दर्शन किए और अपने परिवार की सुख- समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री के स्वरूप की पूजा हुई।

रविवार को जगत जननी मां दुर्गा की आराधना शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ प्रारंभ हुई। शहर के देवी मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। माता की एक झलक पाने के लिए सभी श्रद्धालु लालायित नजर आए। माता रानी के दरबार में माथा टेकने का सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा। चैत्र नवरात्रि की शुरूआत रविवार को भक्तिमय वातावरण में हुई। पहले दिन मां का विशेष श्रृंगार किया गया। शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। महामाया मंदिर, समलाया मंदिर, मां दुर्गा शक्तिपीठ गांधी चौक, संत हरकेवल मंदिर,काली मंदिर,रघुनाथपुर मंदिर,शीतला मंदिर सहित शहर के सभी देवी मंदिरों में माता की आराधना करने श्रद्धालु पहुंचे। मंदिरों में देवी भागवत कथा, दुर्गा सप्तसती का पाठ व भजन-कीर्तन किया जा रहा है। माता के मंदिर में मुख्य कलश स्थापित करने के बाद मंत्रोच्चारण के साथ ही विधिवत पूजन हुआ। इसके बाद सैकड़ों ज्योति कलश प्रज्जवलित हुए। माता के दरबार में ज्योत जलाकर भक्त मनौती पूरी होने की कामना करते नजर आए। वहीं कई भक्तों ने अपने-अपने घरों में भी ज्योति कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों के पट पूरी तरह से श्रद्धालुओं के लिए खोले गए हैं। मां के दर्शन के लिए सुबह से ही महामाया मंदिर सहित दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर व अन्य मंदिरों में श्रद्धालओं की लंबी कतारें लगी हुई थी। नवरात्रि के प्रथम दिवस माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की गई। शैलपुत्री का अर्थ पहाड़ों वाली माता होता है। माता के इस स्वरूप की पूजा से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। सभी ने श्रद्धाभाव से मां के पहले रूप की पूजा-अर्चना कर अपने व परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।



## नेटबाल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम में सरगुजा से प्रीति का चयन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ सीनियर बालिका टीम में सरगुजा से प्रीति मिंज का चयन किया गया है। चयनित छत्तीसगढ़ बालिका नेटबाल की टीम 3वीं फर्स्ट फाइव सीनियर राष्ट्रीय नेटबाल चैम्पियनशिप चंडीगढ़, पंजाब में 31 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजन में भाग ले रही है। कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला में नेटबाल खेल का एक अच्छा भविष्य दिख रहा है और सरगुजा जिला में नेटबाल खेल का प्रचलन बढ़ रहा है। सरगुजा जिले से लगातार खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर रहे हैं।



## संजय सिंह पर जानलेवा हमला,हिंदू समाज ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
अंबिकापुर में 29 मार्च 2025 को रिंग रोड पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जिसमें ट्रांसपोर्ट व्यवसायी संजय सिंह पर एक उन्मादी भीड़ ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक सड़क दुर्घटना के बाद महिंद्रा थार और कार में सवार वसीम कुरैशी, उनके डॉक्टर भाई सहित अन्य 10-15 लोगों ने संजय सिंह पर बेरहमी से हमला कर दिया। हमले के दौरान संजय सिंह के साथ न केवल बर्बरतापूर्वक मारपीट की गई,बल्कि आरोपियों ने सांप्रदायिक टिप्पणियां करते हुए कहा,तुम हिंदू हो,तुम्हारी गर्दन उतार देंगे।

इस नृशंस घटना के विरोध में क्षत्रिय समाज, विश्व हिंदू परिषद,हिंदू जागरण मंच,श्रीराम सेना और अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित होकर उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी),सरगुजा को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। प्रदर्शन का नेतृत्व अशोक सिंह,संतोष पटवारी, नीलेश सिंह,विनीत गुप्ता,रानू दुबे सहित विभिन्न संगठनों के प्रमुखों ने किया।



ज्ञापन में हिंदू समाज ने मांग की है कि आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए।इस हमले को मॉब लिंचिंग मानते हुए संबंधित धारा जोड़ी जाए। पीड़ित संजय सिंह को न्याय दिलाने के लिए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रशासन से मांग की गई कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस सुरक्षा उपाय किए जाएं। हिंदू समाज ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा।

यह घटना न केवल अंबिकापुर,बल्कि पूरे सरगुजा क्षेत्र में गहरी नाराजगी का कारण बन गई है। सामाजिक संगठनों ने इसे सुनियोजित सांप्रदायिक हमला बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

इस अवसर पर जन्मेजय पाण्डेय,दिनेश पाण्डेय,शैलेश सिंह,गोल्डी बिहाड़े,राजेश सिंह , जीतेन्द्र सोनी,धनंजय मिश्रा,अभयदीप सिंह , अलोक शुक्ला, सहित समाज के अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




## दहेज प्रताड़ना का आरोप, महिला ने पति व ससुर के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
एक महिला ने अपने पति व ससुर पर दजेह प्रताडऩा व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यासमीन ने महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस को बताई है कि इसकी शादी 26 दिसंबर 2024 लखनपुर निवासी शकील शेख से हुई थी। शादी के दो से दिन बदन बाद से ही पति व ससुर जशमीन शेख द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिए थे। दहेज में कार व रुपए की मांग करते थे। 28 मार्च को दहेज की बात को लेकर पीड़िता के साथ मारपीट किए थे। परेशान होकर पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट महिला थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला के पति शकील व ससुर जशीम शेख के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2),296,85 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## सडक़ हादसे में मृत युवक की 3 दिन बाद हुई पहचान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
मणिपुर थाना क्षेत्र के मेन्ड्रा पेट्रोल पंप के पास 27 मार्च को हुए सडक़ हादसे में मृत युवक की पहचान हो गई है। उसकी पहचान उदयपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी राजा भरथरी उम्र 33 वर्ष के रूप में की गई है। राजा 27 मार्च को मोपेड बाइक से कटहल बेचने अंबिकापुर बाजार आया था। शाम को बाजार कर वापस लौट रहा था। तभी मेन्ड्रा पेट्रोल पंप के पास ट्रक क्रमांक सीजी 15 इसी 5394 ने टक्क मार दी थी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। मणिपुर पुलिस उसे इलज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक की पहचान न होने के कारण पुलिस शव को अस्पताल के मरच्यूरी में रखवाकर परिजन के आने का इंतजार कर रही थी। इधर राजा भरथरी को घर नहीं पहुंचने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। घटना के तीन दिन बाद पता चलने पर परिजन खोजते हुए अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव दिखाया तो परिजन ने उसकी पहचान की।




## नबालिग ने अपने साथी के साथ मिलकर की थी बाइक की लूट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
बतौली पुलिस ने बाइक लूट के मामले में फरार चल रहे नबालिग को पकड़ा है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूट की बाइक जब्त की है। वहीं मामले में पुलिस ने पूर्व में घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने कार्रवाई कर नबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।



पुलिस के अनुसार श्याम पटेल ग्राम मोहनपुर थाना दरिमा का रहने वाला है। वह 12 फरवरी 2025 को बतौली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह पुलिस को बताया था कि 12 फरवरी को वह अपने भाई दिपित के साथ साप्ताहिक बाजार कर बाइक से घर लौट रहा था। तभी कालीपुर कालीघाट के पास एक व्यक्ति अपने अन्य साथियों के साथ बाइक सवार दोनों भाइयों के साथ मारपीट कर बाइक लूटकर फरार हो गए थे। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिय था। वहीं मामले में अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नबालिग है। पुलिस ने इसके कब्जे से लूट की बाइक जब्त किया है। पुलिस ने नबालिग के खिलाफ कार्रवाई कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

## दोस्त के घर आए युवक की बाइक चोरी,रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
दोस्त के घर अंबिकापुर आए युवक की बाइक चोरी हो गई। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है। जानकारी के अनुसार आशिष एक्का पतिलगांव का रहने वाला है। वह 27 मार्च को बाइक क्रमांक सीजी 14एमके 7164 से अंबिकापुर स्थित सुभाषनगर अपने दोस्त के घर आया था। 28 की दोपहर में वह दोस्त के घर के बाहर बाइक को खड़ा किया था। इस दौरान वह बाइक को लॉक करना भूल गया था। तभी दोपहर 2 बजे घर के बाहर निकला तो उसकी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात चार द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# अवैध खदान से कोयला निकाल रहे 2 ग्रामीणों की दबकर मौत

- 5वें दिन चला पता,खोदकर निकाला गया शव
- परिजनों ने शुरु की खोजबीन, अवैध कोयला खदान के पास गए तो चप्पल व टिफिन देखकर दबने की हुई आशंका

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
मनेंद्रगढ़ में अवैध रूप से कोयला खोदते समय मिट्टी का बड़ा हिस्सा धसकने से दबकर 2 ग्रामीणों की मौत हो गई। मामला का पता 5 दिन बाद चला, जब दोनों अपने घर नहीं पहुंचे। परिजन खोजते हुए खदान के पास पहुंचे तो उनकी चप्पल वहां मिली। पास ही स्थित पेड़ पर उनके टिफिन वाले झोले टंगे मिले। अवैध खदान में दब जाने की आशंका पर रविवार को जेसीबी से खुदाई शुरु की गई। इसके बाद दोनों का शव बरामद किया गया। घटनास्थल पर रेस्क्यू टीम के साथ पुलिस पहुंची थी।





एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत घुटरा स्थित धुनैटी नदी में कई वर्षों से अवैध कोयला निकाला जा रहा है।

25 मार्च की शाम करीब 4 बजे ग्राम फाटपानी निवासी इंद्रपाल अगरिया 50 वर्ष एवं राजेश अगरिया कोयला निकालने अवैध खदान में गए थे। कोयला निकालने के दौरान मिट्टी का बड़ा हिस्सा उनके ऊपर गिर गया और दब जाने से दोनों की मौत हो गई। जब दोनों ग्रामीण चार दिन घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। पांचवे दिन अवैध खनन स्थल पर पंहुचे, तब चप्पल, टिफिन देखकर कोल खदान में दबने की बात सामने आई।

परिजनों ने शनिवार की रात में ही कोतवाली में सूचना दी। इसके बाद रविवार की सुबह से पुलिस की मौजूदगी में शव निकालने खुदाई शुरू किया गया। दोपहर में दोनों शव को बरामद कर लिया गया है।

### चंद पैसों की लालच में गंवा रहे जान

क्षेत्र में सक्रिय कोल तस्करों (Illegal coal mines collapsed) द्वारा ग्रामीणों को चंद पैसों का झांसा दिया जाता है। रुपयों के लालच में आकर ग्रामीण अवैध व असुरक्षित खदानों से कोयला निकालते हैं। इन्हें बेचकर कोल तस्कर मोटी रकम कमा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि कोयला तस्करों का बड़े नेताओं से कनेक्शन है।

## चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 15 हजार 747 परिवारों को मिला पक्का आवास

- प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत महागृह प्रवेश कार्यक्रम
- जिला पंचायत सीईओ हुए कार्यक्रम में शामिल
- हितग्राहियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु किया सम्मानित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले के 15 हजार 747 जरूरतमंद परिवारों को पक्के घरों की चाबियाँ सौंपी गईं। इस ऐतिहासिक आयोजन में सभी लाभार्थियों ने पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ सपरिवार गृह प्रवेश किया। जिले के विकासखंडवार लाभान्वित में अंबिकापुर के 3 हजार 007,बतौली से 1 हजार 771, लखनपुर से 2 हजार 821, लुंड्रा से 2 हजार 213, मैनपाट से 1हजार 664, सीतापुर में 2 हजार 179 और उदयपुर के 2 हजार 092 लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबी वितरण किया गया। इस दौरान लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया।





### जिला पंचायत सीईओ कार्यक्रम में हुए शामिल

अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत चठिरमा, खलिबा और मानिक प्रकाशपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जिला पंचायत सीईओ श्री विनय अग्रवाल ने नवरात्रि एवं प्रधानमंत्री आवास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ÷गरीबों को सुरक्षित आवास देना शासन-जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके उन्होंने गांव को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना के तहत सर्वे कार्य चल रहा है और पात्र लाभार्थी आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों से उन्होंने आग्रह किया कि वे शासन की जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशासन का सहयोग करें। अन्य लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए प्रेरित करें।

### शासन की योजना से मिला सुरक्षित मकान

अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत चठिरमा के रहने वाले लाभार्थी श्री नरेश राय मूक-बधिर हैं। उनकी पत्नी श्रीमती गौरी राय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक वरदान है। मेरे पति बोल नहीं सकते मेरे दो बेटे बहू इस मकान में रहेंगे। उन्होंने बताया कि वह बिहान योजना में स्व सहायता समूह में काम करतीं हूं, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली प्रोत्साहन राशि और बिहान समूह से ऋण लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास को अपने जरूरत के हिसाब से बनाया हैं, उन्होंने कहा कि आज मेरा परिवार इस आवास में सुरक्षित महसूस कर रहा है इस योजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# मस्क एक मसखरा, Tesla है एक स्कैम

## Elon Musk से रिश्ता तोड़ चुकी बेटी ने पिता को सुनाई खरी-खरी

» विवियन ने मस्क को 'इनसिक्योर मसखरा' कहा...
» टेस्ला को बताया पोंजी स्कीम, क्क/श्व रेश्यो का दिया हवाला...
» मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने की योजना को बताया मार्केटिंग नौटंकी...





नई दिल्ली,30 मार्च 2025। एलन मस्क से रिश्ता तोड़ चुकी उनकी बेटी विवियन विल्सन हाल ही में वामपंथी ट्विच स्ट्रीमर हसन पिकर के साथ दो घंटे की लाइव स्ट्रीम में नज़र आईं।

इस इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपने पिता की जमकर आलोचना की। इस दौरान विवियन ने बचपन के दौरान और पिता के व्यवहार. मंगल ग्रह पर कोलॉनी बसाने की उनकी योजना पर खुलकर बात की। इंटव्यू के बीच में विवियन विल्सन ने टेस्ला कंपनी को पोंजी स्कीम बताया है।

मस्क की बेटी ने कहा,मैं एक ट्रांसजेंडर हूं। मैं मशहूर हूं। कभी-कभी लोग मुझसे नाराज हो जाते हैं क्योंकि मैं एक ट्रांसजेंडर हूं। ऐसा ज़्यादा होता है क्योंकि मैं मशहूर हूं। मुझे परवाह नहीं है, लोग मुझे जितनी चाहें उतनी नफरत भरी कमेंट भेज सकते हैं।

### मस्क एक मसखरा जो कर्मचारियों पर चिल्लाता है...

जब मस्क की कार्यशैली के बारे में पूछा गया तो विल्सन ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा,मैंने उन्हें अधिकतर समय काम करते हुए देखा है, वह कार में बैठे कर्मचारियों पर चिल्ला रहे थे,जबकि हम भयभीत होकर देख रहे थे, मानो वह चीख रहे हो। उन्होंने मस्क को एक इनसिक्योर मसखरा

और आत्ममुग्ध व्यक्ति कहा है।

### मस्क की मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने को बताया नौटंकी?

विल्सन ने मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने मस्क की महत्वाकांक्षी योजना को एक नौटंकी के अलावा कुछ नहीं बताया। विल्सन ने कहा, ÷यह एक मार्केटिंग योजना है जिसके झांसे में हर कोई आ गया है।÷

विल्सन ने खुलासा किया कि 2020 में ट्रांसजेंडर के रूप में सामने आने के बाद से वह मस्क से आर्थिक रूप से स्वतंत्र हैं। वह अब विदेश में रहती हैं और भाषाओं का अध्ययन करने के अपने जुनून को पूरा करती हैं। विल्सन का जन्म एक पुरुष की तरह हुआ था, उनका शुरूआती नाम जेवियर था।

# दुनियाभर के लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा घिबली ट्रेंड

## ChatGPT की उड़ गई नींद, CEO ऑल्टमैन बोले...सोने तो दो...





» ChatGPT का Ghibli Image फीचर हुआ वायरल
» सर्वर पर लोड बढ़ने से OpenAI ने लगाया लिमिट
» सैम ऑल्टमैन ने ट्वीट कर यूज़र्स से की अपील

नई दिल्ली,30 मार्च 2025। OpenAI के ChatGPT ने इंटरनेट पर एक नया तूफान खड़ा कर दिया था। इंटरनेट यूजर्स कंपनी की एक नई सुविधा स्टूडियो घिबली पर मोहित हो गए हैं। ओपन एआई के सर्वर पर इतना दवाब है कि कंपनी के सीईओ को खुद ट्वीट कर लोगों से गुजारिश करनी पड़ी।

### सैम ऑल्टमैन ने दी प्रतिक्रिया

चैटजीपीटी के इमेज-जनरेशन टूल की दुनियाभर में जबरदस्त इस्तेमाल के बाद ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने ट्वीट कर लिखा, क्या आप सब प्लीज इमेज बनाने में थोड़ी तसल्ली बरत सकते हैं? यह आपका दीवानापन है, लेकिन हमारी टीम को नींद की जरूरत है।÷

### कैसे बनाएं Ghibli Image?

» ChatGPT ऐप या वेबसाइट खोलें। नीचे दिए गए %+% आइकन से अपनी फोटो अपलोड करें।
» लिखें इसे: घिबलीफाई करो या इस फोटो को स्टूडियो घिबली थीम में बदल दो।
» थोड़े इंतजार के बाद आपको मिलेगा खुश कर देने वाला घिबली स्टाइल इमेज।
» फ्री में चैटजीपीटी इस्तेमाल करने वालों के लिए ये सीमा अब तीन फोटो प्रतिदिन कर दी गई।

# पुतिन के काफिले की कार में भीषण धमाका





नई दिल्ली,30 मार्च 2025। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले में शामिल एक कार में जोरदार विस्फोट के बाद आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना सेंट्रल मॉस्को के लुब्यंका क्षेत्र में एफएसबी गुप्त सेवा मुख्यालय के पास हुई। धमाके के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और सुरक्षा कड़ी कर दी गई।

### कार में कौन था सवार? अभी तक नहीं हुआ खुलासा

ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस कार में आग लगी, वह ऑरस लिमोसिन थी, जिसे रूस में ही बनाया जाता है। अभी तक अधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि कार में कौन सवार था और धमाके की वजह क्या थी। अब तक किसी के हताहत होने की सूचना भी नहीं मिली है।

### इंजन से उठी आग,रेस्तरां कर्मचारियों ने बुझाने की कोशिश की

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि आग कार के इंजन से उठी और धीरे-धीरे पूरी गाड़ी में फैल गई। दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले आसपास के रेस्तरां और बार के कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की। वीडियो में कार से उठता धुएं का गुबार साफ नजर आ रहा है। कार के पिछले हिस्से को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

### किम जोंग उन को भी गिफ्ट कर चुके हैं यह कार

पुतिन अक्सर ऑरस लिमोसिन कार का इस्तेमाल करते हैं, जिसकी कीमत लगभग 275,000 बताई जाती है। इस कार को वह उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन समेत कई अन्य नेताओं को गिफ्ट भी कर चुके हैं।

### जेलेंस्की का दावा जल्द होगी पुतिन की मौत

इस घटना से कुछ ही दिन पहले, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि पुतिन की तबीयत खराब होती जा रही है और उनकी जल्द मौत हो सकती है। जेलेंस्की ने कहा कि इसके साथ ही युद्ध भी जल्द खत्म होगा। हालांकि, इस दावे को लेकर रूस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## गाजा में हम हमास नेताओं को छोड़ सकते हैं,लेकिन...

# पीएम नेतन्याहू ने रख दी नई शर्त

नई दिल्ली,30 मार्च 2025। गाजा पट्टी में इजरायल हमास के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस बीच इजरायल के पीएम बेंजामीन नेतन्याहू ने कहा कि हमास पर इजरायल का तेजी से चल रहा सैन्य दबाव काम कर रहा है। उन्होंने फलिस्तीनी समूह से अपने हथियार डालने का आग्रह किया है।

बता दें कि इजरायल के पीएम नेतन्याहू के कार्यालय ने पुष्टि करते हुए बताया कि उसे मिस्त्र और कतर के मध्यस्थों से एक नया युद्धविराम प्रस्ताव मिला है। इजरायल ने कहा कि वह प्रस्ताव पर विचार कर रहा है और इसके साथ ही मध्यस्थों को अपना प्रति-प्रस्ताव भेजा है।

इधर, हमास के एक शीर्ष अधिकारी खलील अल-हया ने एक टीवी संबोधन के दौरान कहा कि समूह ने मध्यस्थों द्वारा प्रस्तुत किए गए नए गाजा युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही उन्होंने इजरायल से भी इसका समर्थन करने का आग्रह किया है। इसके साथ चेतावनी भी दी है कि हमास के हथियार रेड लाइन हैं।



### कैबिनेट बैठक में क्या बोले नेतन्याहू?

इजरायल के पीएम बेंजामीन नेतन्याहू ने अपनी कैबिनेट की बैठक में कहा कि हम आग के बीच बातचीत कर रहे हैं। हम देख सकते हैं कि समूह ने अपनी बातचीत में जो मांग की है, उसमें दरारें दिखाई देने लगी हैं। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि हमास को अपने हथियार डाल देने चाहिए। इसके बाद इनके नेताओं को जाने दिया जाएगा।

### नेतन्याहू ने कई दावों का किया खंडन

पीएम नेतन्याहू ने उन दावों का भी खंडन किया है, जिसमें इजरायल बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बातचीत में शामिल नहीं था। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल बंधकों की रिहाई के लिए प्रतिबद्ध है।

ध्यान देने योग्य है कि ये घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ जब गाजा में तनाव बढ़ रहा है। इजरायल ने हाल के दिनों में हमास के खिलाफ सैन्य अभियान को तेज कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने दोनों पक्षों से तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान खोजने का आग्रह किया है।

# तालिबानी नेता अखुंदजादा बोले... अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की जरूरत नहीं,हम अपने कानून बनाएंगे

काबुल,30 मार्च 2025। तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने रविवार को कहा कि अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की कोई जरूरत नहीं है। जब तक शरिया कानून लागू हैं, तब तक लोकतंत्र समाप्त हो चुका है। हम अपने खुद के कानून बनाएंगे। यह बयान उन्होंने ईद-उल-फितर के मौके पर धर्मोपदेश देते हुए दिया।



अखुंदजादा ने रविवार को तालिबान के दक्षिणी शहर कंधार की ईदगाह मस्जिद में ईद-उल-फितर के मौके पर धर्मोपदेश दिया। इस दौरान उन्होंने इस्लामी कानूनों के महत्व पर जोर दिया और कहा, पश्चिम से आने वाले कानूनों की कोई जरूरत नहीं है। हम अपने खुद के कानून बनाएंगे। इस मौके पर अखुंदजादा ने 50 मिनट तक उपदेश दिया, जिसका एक ऑडिया तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पर पोस्ट किया।

### अखुंदजादा ने पश्चिम की आलोचना की

इस मौके पर अखुंदजादा ने पश्चिम की आलोचना की। उन्होंने कहा कि गैर-विश्वासी मुसलमानों के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। उन्होंने गाजा में इस्राइल-हमास युद्ध का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका तथा अन्य देश इस्लाम के प्रति अपनी शत्रुता में एकजुट हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि अफगानिस्तान में लोकतंत्र समाप्त हो चुका है और शरिया कानून लागू है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के समर्थक लोगों को तालिबान सरकार से अलग करने का प्रयास कर रहे हैं।

# काठमांडू में डिपार्टमेंटल स्टोर लूटने के आरोप में भारतीय समेत नौ गिरफ्तार



### RPP महासचिव अदालत में पेश

काठमांडू,30 मार्च 2025। नेपाल में हिंसा के दौरान डिपार्टमेंटल स्टोर से सामान लूटने के आरोप में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक भारतीय भी शामिल है।

इस बीच, काठमांडू पुलिस ने रविवार को राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के महासचिव और उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा समेत 41 लोगों को जिला अदालत में पेश किया और उनकी न्यायिक हिरासत मांगी।

काठमांडू में शुक्रवार को राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई। राजशाही समर्थकों ने विभिन्न स्थानों पर आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम दिया। इस दौरान भटभटेनी डिपार्टमेंटल स्टोर से व्हिस्की, फल, बीयर और मेकअप का सामान भी लूट लिया गया। जिसके आरोप में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें बिहार के पटना निवासी रवि रंजन कुमार भी शामिल हैं।

### हिंसक प्रदर्शन में शामिल अब तक 110 लोग गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार, हिंसक प्रदर्शन में शामिल अब तक 110 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। काठमांडू घाटी अपराध जांच कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जगमन गुरुंग राजशाही बहाली समिति के प्रमुख नियुक्त

इस बीच, नेपाल अकादमी के पूर्व कुलपति जगमन गुरुंग को राजशाही बहाली आंदोलन समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह समिति के कार्यवाहक कमांडर के रूप में कार्यभार संभालेंगे। समिति के कमांडर कट्टर राजभक्त नवराज सुबेदी को हिंसक प्रदर्शन के बाद नजरबंद कर दिया गया है।

# ऑस्ट्रेलिया के सुदूर इलाकों में बाढ़, लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया

सिडनी,30 मार्च 2025। उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में भारी बाढ़ आई है और इस स्थिति में लोगों को हवाई जहाज से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण क्वींसलैंड राज्य के बाहरी इलाकों में ब्रिस्बेन से 1,000 किलोमीटर पश्चिम में स्थित कई छोटे शहरों में 100 से ज्यादा घर बाढ़ में डूब गए हैं।

मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बाढ़ चेतावनी जारी की। इसमें बताया गया कि उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के इस क्षेत्र में बाढ़ का जलस्तर 1974 के रिकॉर्ड को पार कर चुका है।

# मिनी ट्रक पलटने से घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

चंदोरा घाट के पास शनिवार को मिनी ट्रक पलटने से चार लोग घायल हो गए थे। हादसे में एक युवक को गंभीर चोटें आई थी। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संदीप पैकरा पिता शिवकुमार उम्र 26 वर्ष ग्राम कंवराचार पारा थाना प्रतापपुर का रहने वाला था। शनिवार को पार्वतीपुर नर्सरी से खाद लोड कर मिनी ट्रक से रमकोला जा रहा था। ट्रक में चार लोग सवार थे। रास्ते में चंदोरा घाट के पास अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गई थी। हादसे में संदीप को गंभीरा चोटें आई थी। वहीं अन्य को मामूली चोट लगी थी। गंभीर रूप से घायल संदीप को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# यूक्रेनी शहर खार्कीव पर रूस ने दागे ड्रोन, सैन्य अस्पताल को बनाया निशाना,2 की मौत

» रूस ने यूक्रेन के खार्कीव पर किया ड्रोन से हमला
» रूस के हमले से दो लोगों की मौत और 35 से अधिक लोग घायल



कीव,30 मार्च 2025। एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को रोकने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। दूसरी तरफ दोनों देश लगातार एक दूसरे पर घातक हमले कर रहे हैं। इस बीच रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन पर ड्रोन से हमला किया है।

यूक्रेनी अधिकारियों ने दावा किया कि रूसी ड्रोन ने शनिवार देर रात खार्किव में एक सैन्य अस्पताल, शॉपिंग सेंटर, अपार्टमेंट ब्लॉक और अन्य इमारतों पर हमला किया। इस हमले में दो लोगों के मारे जाने की खबर है। 35 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर है।

### खार्कीव शहर पर रूस का हमला

रूस द्वारा किए गए इस हमले के बाद क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर हुए हमले में 67 वर्षीय एक व्यक्ति और 70 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। वहीं, यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने सैन्य अस्पताल पर जानबूझकर, टारगेट गोलाबारी की निंदा की। बयान में कहा गया कि हताहतों में वे सैनिक भी शामिल हैं जिनका इलाज चल रहा था।

### 111 ड्रोन से रूस ने किया हमला

इधर, वायु सेना ने एक बयान जारी कर कहा कि रूस ने रविवार रात से लेकर अब तक के हमलों में 111 विस्फोटक ड्रोन और नकली हथियार दागे। वायु सेना ने कहा कि उनमें से 65 को रोक दिया गया और 35 खो गए।

### यूक्रेन ने भी रूस पर दागे ड्रोन

बताया जा रहा है कि रूस के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि रूस के रक्षा प्रणालियों ने छह यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। वहीं, यूक्रेनी सरकार और सैन्य विश्लेषकों की मानें तो रूसी सेना यूक्रेन पर दबाव बढ़ाने और युद्धविराम वार्ता में क्रेमलिन की बातचीत की स्थिति को मजबूत करने के लिए आने वाले हफ्तों में एक नया सैन्य आक्रमण शुरू करने की तैयारी कर रही है।

# बाइक सवार दो बदमाशों ने युवक के हाथ से मोबाइल लूटकर हुए फरार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

सीतापुर थाना क्षेत्र में 29 मार्च की दोपहर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवक की मोबाइल लूटकर फरार हो गए। युवक ने मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार अमन गुप्ता सीतापुर का रहने रवाला है। 29 मार्च की दोपहर करीब 1 बजे बाइक से अपने भतीजा का रिजल्ट लेने स्कूल गया था। वह स्कूल के पास बाइक पर बैठकर बात कर रहा था तभी पीछे से बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्ति आए और अमन गुप्ता के हाथा से मोबाइल लूटकर फरार हो गए। अमन ने कुछ दूर तक बदमाशों का पीछा किया पर वे भागने में सफल रहे। पीड़ित युवक ने मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

हिंदू धर्म अनुसार हुई शादियां, फिर मुहूर्त का क्यों नहीं रखा गया ध्यान?, क्या सिर्फ सामान की सप्लाई के लिए बिना मुहूर्त कराई गई सामूहिक शादियां?

## छ.ग. शासन महिला बाल विकास विभाग की बिना मुहूर्त वाली शादियां...

# क्या शुभ मुहूर्त का इंतजार करना नहीं था जरूरी?





-ओंकार पाण्डेय-
सूरजपुर/रायपुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन महिला बाल विकास विभाग आजकल सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराने में लगा हुआ है। यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए आयोजित किया गया है जो आर्थिक रूप से कमजोर है और उन्हें शादी विवाह में होने वाले खर्च नहीं कर सकते जिसके लिए सरकार ने अपने खर्चे पर इनकी शादी करने का जिम्मा उठाया है यह शादियां हिंदू रीति रिवाज के साथ देखने को मिला,सामूहिक विवाह लगभग मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया पर इस विवाह को लेकर इस समय यदि कोई चीज सुर्खियां बटोर रहा है या चर्चा का विषय बना हुआ है तो वह है हिंदू रीति रिवाज से जब शादी हो रही है तो मुहूर्त का ध्यान क्यों नहीं दिया गया? क्या मुहूर्त तक रुकना शासन के लिए यह सरकार प्रशासन के लिए जरूरी नहीं था या फिर इसके पीछे के मंशा क्या थी? क्या सिर्फ सप्लाई कर सिर्फ कमिशन कामना है इस विवाह का उद्देश्य था? छत्तीसगढ़ में लगभग सारे मंत्री हिंदू धर्म से आते हैं फिर खुद इस विभाग के मंत्री भी हिंदू धर्म की हैं फिर भी क्या उन्हें भी इस बात का ध्यान नहीं रहा? क्या वह अपने घर की शादियां भी बिना मुहूर्त के करते या फिर शासकीय पैसे से जो शादियां होती है उसके लिए किसी मुहूर्त का जरूरत नहीं?

### छत्तीसगढ़ में पता नहीं किस बात की हड़बड़ी की वजह से इस संस्कार को बिना शुभ मुहूर्त ही संपन्न किया गया

सनातन कहें या हिंदू संस्कृति अनुसार विवाह शुभ मुहूर्त में किया जाने वाला एक संस्कार है और इसका हिन्दू या सनातन संस्कृति में विशेष ध्यान रखा जाता है जबकि छत्तीसगढ़ में पता नहीं किस बात की हड़बड़ी की वजह से इस संस्कार को बिना शुभ मुहूर्त ही संपन्न करा लिया गया। बताया जाता है कुछ तो मामला आयोजन जल्द निपटाकर जल्द से जल्द इस आयोजन के मद को निपटाना भी था और वह हुआ भी। आयोजन जल्द से जल्द निपटाने के लिए लगभग जिलों में यह आयोजन संपन्न होते गए वहीं भाजपा सरकार के किसी निर्वाचित सदस्य मंत्री ने और न किसी संगठन के व्यक्ति ने इस आयोजन में शुभ मुहूर्त का मुद्दा उठाया। कई जगह इस बात की चर्चा और इस मुद्दे को कुछ लोगों ने सोशल मीडिया में उठाया भी की अभी खरवास है और ऐसे में शुभ विवाह संस्कार का होना सही नहीं है लेकिन शासन की साथ ही महिला बाल विकास की नजर शायद इस सोशल मीडिया विरोध पर नहीं पड़ी या पड़ी भी तो उन्होंने नजर अंदाज किया और आयोजन सम्पन्न करना ही बेहतर समझा।

### हिंदूवादी सरकार बिना मुहूर्त के कैसे आयोजित कर ले गई सामूहिक शादी कार्यक्रम?



बिना मुहूर्त छत्तीसगढ़ महिला बाल विकास विभाग की सामूहिक शादियां कैसे संपन्न हुई क्या मजबूरी थी यह भी एक प्रश्न है। प्रदेश की भाजपा सरकार हिंदूवादी सरकार है और ऐसे में हिंदूवादी सरकार के एक मंत्रालय अंतर्गत यह त्रुटि मानी जाए या इसे जानबूझकर संपन्न किया गया कार्यक्रम माना जाए। प्रश्न उठेंगे क्योंकि धर्म से जुड़ा मामला एक धार्मिक मान्यताओं को तवज्जो देने वाली सरकार के लिए उठ रहे हैं।

### सनातन संस्कृति के लिए कुछ भी कर जाने की बात करने वाली भाजपा सरकार सामूहिक विवाह के दौरान शुभ मुहूर्त का ध्यान क्यों नहीं रख रही है?

यदि सामूहिक विवाह कार्यक्रम लगभग हर जिले में आयोजित हो रहा है और शासकीय राशि भी जमकर खर्च की जा रही है वहीं वर वधू को काफी कुछ उपहार भी प्रदान किया जा रहा है लेकिन इन सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के आयोजन में शुभ मुहूर्त को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सनातन संस्कृति को लेकर चलने वाली और सनातन संस्कृति के लिए कुछ भी कर जाने की बात करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार सामूहिक विवाह आयोजनों के दौरान शुभ मुहूर्त का ध्यान क्यों नहीं रख रही है यह विचारणीय है। प्रदेश का महिला बाल विकास विभाग क्या सामूहिक विवाह मामले में शुभ मुहूर्त को लेकर कोई ध्यान नहीं रखना चाहता या वह इस मामले में ध्यान देना नहीं चाहता? वैसे कई जगह यह विवाह कार्यक्रम मंदिरों में आयोजित हुए और कहीं न कहीं सनातन संस्कृति और परंपराओं का भी पालन किया गया बस कुछ ध्यान नहीं रखा गया तो वह यह की शुभ मुहूर्त में यह कार्यक्रम आयोजित हो इसका परहेज रखा गया।

### क्या मंत्री विधायक भी अपने घरों की शादियां बिना मुहूर्त के संपन्न कराते हैं?

वैसे क्या प्रदेश सरकार के मंत्री विधायक भी अपने घरों की शादियों में शुभ मुहूर्त का ध्यान नहीं रखते यह भी सवाल है,यदि मंत्री विधायक प्रदेश के शुभ मुहूर्त का ध्यान नहीं रखते तब तो इस आयोजन को लेकर कोई प्रश्न नहीं है वहीं यदि उन्हें शुभ मुहूर्त का ध्यान है और अपने लिए है तो अन्य के लिए भी होना चाहिए।

### बिना मुहूर्त की शादी को लेकर महिला बाल विकास मंत्री सुर्खियों में...

बिना मुहूर्त के संपन्न हुई प्रदेश के महिला बाल विकास विभाग की सामूहिक शादियां सुर्खियों में है और साथ ही विभाग की मंत्री भी सुर्खियों में हैं। आय व्यय का जिम्मा इसी विभाग का था और जो पूरी तरह अब सम्पन्न करा लिया गया।

### क्या शादियां संपन्न कराने वाले भी शासकीय दक्षिणा के लिए बिना मुहूर्त शादी करा दिए?

हिंदू धर्म अनुसार होने वाली शादियों में विवाह संपन्न कराने का जिम्मा धर्म के ऐसे लोगों के पास होता है जो धर्म के जानकार होते हैं और धर्म अनुसार शुभ कार्य संपन्न कराते हैं,अब सवाल यह भी है कि क्या ऐसे लोगों ने धर्म के भी दक्षिणा के लिए शासकीय बिना मुहूर्त शादियों को संपन्न करा दिया।

### महिला बाल विकास मंत्री से नहीं हो पाई बात

दैनिक घटती-घटना के प्रतिनिधि के द्वारा लगातार उन्हें फोन लगाया गया पर फोन से संपर्क न होने की वजह से इस संबंध में उनसे बात नहीं हो पाई जिस वजह से उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

### जहां हिंदू धर्म अनुसार खरमास में नहीं होती शादियां, फिर एक महीने में बिना मुहूर्त कैसे हो रहे है सामूहिक विवाह?

हिंदू धर्म परंपरा अनुसार खरवास माह में शुभ कार्य विवाह इत्यादि नहीं किए जाते संपन्न,अब सवाल यह भी है कि जब खरवास माह में विवाह इत्यादि संपन्न नहीं किए जाते तो छत्तीसगढ़ में कैसे सामूहिक विवाह खरवास में संपन्न हो रहे हैं। बिना मुहूर्त विवाह इत्यादि शुभ कार्य का इस माह परहेज ही किया जाना हिन्दू धर्म अनुसार मान्य है। ज्योतिष की माने तो साल 2025 में खरमास 14 मार्च से शुरू होकर 13 अप्रैल को खत्म होगा, इस दौरान मांगलिक कार्य जैसे शादी-ब्याह नहीं किए जाते है खरमास लगने की वजह जब सूर्य देव देव गुरु बृहस्पति की राशि धनु और मीन में गोचर करते हैं, तब खरमास लगता है सूर्य देव जब कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तब खरमास शुरू हो जाता है सूर्य देव जब मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करते हैं, तब खरमास खत्म हो जाता है खरमास के दौरान खरमास के दौरान शादी-ब्याह,मुंडन,यज्ञोपवीत संस्कार,गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते, खरमास के दौरान मांगलिक कार्यों पर विराम रहता है, खरमास के बाद शुभ मुहूर्त मिलता है, खरमास के बाद अप्रैल-जून और फिर नवंबर से लेकर दिसंबर माह तक कई विवाह के मुहूर्त बनते हैं।

## सूरजपुर पुलिस ने अंधे कत्ल का खुलासा कर 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।



विगत शुक्रवार को एसईसीएल भटगांव के सुरक्षा प्रहरी राजेश शुक्ला ने थाना भटगांव में सूचना दिया कि ग्राम कपसरा बंद खदान महान-1 के पोखरी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव कपड़ा से बंधा है। सूचना पर मर्ग कायम कर थाना भटगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव पंचनामा कर अज्ञात मृतिका की शिनाख्ती के लिए पूरे जिले के थानों को सूचना दिया। मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अज्ञात मृतिका की शिनाख्ती जल्द कराने, परिस्थितिजन्य एवं भौतिक साक्ष्य संकलन करने के निर्देश दिए। इसी बीच अज्ञात मृतिका के पहचान थाना प्रतापपुर में दिनांक 25.03.2025 को कायम किए गए गुम इंसान संतोषी कश्यप उम्र 25 वर्ष निवासी सरगीगुड़ा थाना देवभोग जिला गरियाबंद, वर्तमान पता ग्राम खोरमा- प्रतापपुर के रूप में हुई। मृतिका के शार्ट पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर के द्वारा मृतिका के मृत्यु का कारण हत्यात्मक लेख किए जाने पर थाना भटगांव में धारा 103, 238, 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने हत्या के आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। थाना भटगांव पुलिस की विवेचना में पाया गया कि मृतिका का प्रेम विवाह वर्ष 2022 में राजेश चौधरी निवासी ग्राम केवरा के साथ हुआ था तत्पश्चात् डेढ वर्ष बाद इसका चचेरा भाई प्रमेन्द्र चौधरी के द्वारा अपने साथ गुपचुप तरीके से ग्राम खोरमा में किराये का मकान लेकर मृतिका को रखा था। दिनांक 25/03/2025 को मृतिका के गुमशुदगी के संबंध में गलत हुलिया बताकर वास्तविक बातों को छुपाकर थाना प्रतापपुर में गुम इंसान दर्ज कराया जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर प्रमेन्द्र चौधरी को पकड़ा। पूछताछ पर प्रमेन्द्र ने बताया कि वह संतोषी के चरित्र पर शंका के कारण उससे पीछा छुड़ाने के उद्धेश्य से दिनांक 22/03/2025 के रात्रि में उसके गले में कपड़े से बांधकर अपने किराये के मकान ग्राम खोरमा में हत्या कर दिया। हत्या करने के बाद अपने भाई राजू चौधरी को फोन कर बोला कि संतोषी बच्चे को छोड़कर कही चली गई है तब राजू अपने मॉ कलेश्वरी के साथ मोटर सायकल से पहुंचा, जहां संतोषी मृत पड़ी थी जिसे पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया। प्रमेन्द्र और राजू दोनों मिलकर शव को कंबल में लपेटकर तीनों प्रमेन्द्र के मोटर सायकल में पहले ग्राम केवरा गए जहां कलेश्वरी को बच्चे के साथ उतार दिए और शव छिपाने के लिए ग्राम कपसरा स्थित बंद महान 01 कोयला खदान के पोखरी पानी में डाल दिए और वापस आकर आस पड़ोस के लोगों को संतोषी कही चली गई है झूठी जानकारी दिया। आरोपियों के निशानदेही पर 2 मोटर सायकल और मोबाईल जप्त कर आरोपी (1) प्रमेन्द्र चौधरी पिता लालसाय चौधरी उम्र 22 वर्ष (2) राजू चौधरी पिता लाललाल उम्र 28 वर्ष (3) कलेश्वरी चौधरी पति लालसाय उम्र 43 वर्ष तीनों निवासी ग्राम केवरा, थाना प्रतापपुर को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी,थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एएसआई बजरंगी चौहान, कुसुमकांता लकड़ा, प्रधान आरक्षक विनोद परीड़ा, महिला प्रधान आरक्षक अरूणा बिसेन, आरक्षक राजेश तिवारी, अवधेश कुशवाहा, दिनेश ठाकुर, रजनीश पटेल, संतोष जायसवाल व राधेश्याम साहू सक्रिय रहे।




## बालको ने बड़ा खाना कार्यक्रम में सुरक्षा कर्मचारियों को किया सम्मानित

-संवाददाता-
कोरबा,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने सुरक्षा कर्मचारियों के लिए 'बड़ा खाना' कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में 400 से ज्यादा लोग एकत्रित हुए। सीईओ ने आपाकालिन परिस्थितियों से निपटने में सुरक्षा कर्मियों के समर्पण की सराहना करते हुए उनको सम्मानित किया। मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। बड़ा खाना का आयोजन सुरक्षा टीम की एकता और ताकत का उत्सव है। यह आयोजन उनके अटूट समर्पण और हमेशा मुस्तैद डटे रहने के प्रति सम्मान प्रकट करता है। इस अवसर पर सुरक्षा और अग्निशमन कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान, सदैव तत्पर रहने के लिए पुरस्कृत किया गया। इस प्रोत्साहन से सुरक्षा और सतर्कता की संस्कृति को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रांसजेंडर महिला एवं पुरुष कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। कलाकारों के मनमोहक नृत्य ने सभी का दिल जीता। साथ ही नाटक के माध्यम से सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य भी किया गया। कार्यक्रम एवं सुरक्षा कर्मचारियों की सराहना करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि यह आयोजन सभी लोगों के सामूहिक प्रयास और सहयोग को दर्शाता है। हम एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तकनीकी प्रगति के महत्व पर जोर दिया। सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ नियमों का पालन करना नहीं है बल्कि यह हमारे कार्य करने के तरीके में समाहित है। कंपनी अपने संयंत्र के साथ-साथ समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है।

## अतिक्रमण हटाने की मांगः सरपंच समेत ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




-शमरोज खान-
सूरजपुर,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

जनपद पंचायत सूरजपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रविंद्रनगर के सरपंच उप सरपंच सहित ग्रामवासियों ने अधिग्रहित भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। प्रत्यक्षतः ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत रविंद्रनगर के खसरा क्रमांक 240, 241 व 242 में अवैध रूप से शासकीय भूमि पर रातों-रात गृह निर्माण का कार्य प्रगति में है क्योंकि उक्त सभी भूमि शासकीय है व अवैध कब्जा किया गया है। जिससे गांव का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है किसी भी समय माहौल खराब हो सकता है। उक्त कब्जा व निर्माण पर ग्रामीणजन के विरोध करने पर कब्जाधारी परिवार के महिलाओं ?द्वारा धमकी दिया जा रहा है कि थाना में प्रकरण दर्ज कर मामलों में घसीट दिया जावेगा अन्यथा इस विरोध से दूर रहे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है यह कि पूर्व में भी ग्रामीणजन अवैध कब्जा कर शासन से निवेदन कर चुके हैं कि अवैध कब्जा से भूमि को मुक्त करवाया जावे व ग्राम विकास हेतु भूमि का प्रयोग करके विकास कार्य किया जा सके लेकिन शासन ने इस और ध्यान आज तक नहीं दिया ऐसा क्यों। यह कि कब्जाधारी उक्त भूमि का प्रयोग शासन के अनुमति से कर रहा है ऐसा कब्जाधारी ने विरोधकर्ताजनों से कहा है अतः उक्त अनुमति का नक़ल हम जनों को दिया जावे जिससे अवलोकन किया जा सके। उक्त कब्जाधारी ने पूर्व में भी आंगनबाड़ी निर्माण के समय बाधा उत्पन्न कर कार्य को रोक रखा था साथ-साथ शासन को गलत जानकारी प्रदान करते हुए। गांव का माहौल तनावपूर्ण बना दिया गया था जिससे शासन के शहर से दूर किया गया था। यह कि कब्जाधारी कुछ दिन पूर्व भी गांव में निर्माण कर मारपीट करते हुए माहौल खराब किया था जिसका प्रकरण जयनगर थाने में दर्ज है। यह कि चूंकि शासन इसी तहसील क्षेत्र में अवैध कब्जा हुआ क्रियाकलापों पर शक्ति से निपटारा करते हुए कब्जा मुक्त करवा रहा है वहीं रविंद्रनगर पंचायत में कब्जाधारी को सहयोग प्रदान किया जा रहा है ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों। चूंकि खसरा क्रमांक 240, 241, 242 व 307 सभी प्राथमिक स्कूल के आसपास का क्षेत्र है वह स्कूल के बच्चों के साथ-साथ ग्रामीणजनों के कार्यों में प्रयोग में लिया जाता आया है अतः उक्त भूमि में कब्जा होना समझ से परे है

### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामवासियों ने अवैध कब्जे को हटाने और कब्जाधारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामवासियों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# क्या एसईसीएल ने तालाब चौड़ीकरण करने के लिए सारे नियमों को शिथिल करके बिना अनुमति माफिया को सौंपा नीलगिरी पेड़ की कटाई का जिम्मा ?

**नीलगिरी के पेड़ कटाई की जानकारी न तो सबएरिया मैनेजर को न महाप्रबंधक को और न ही ठेकेदार को फिर पेड़ काट कौन रहा है ?**

**एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के कटकोना सहक्षेत्र में नीलगिरी के पेड़ों के बिना अनुमति कटाई मामले में आई नई जानकारी**


**सहक्षेत्र कटकोना अंतर्गत स्थित तालाब का होना है चौड़ीकरण,निविदा हो चुकी नीलगिरी के पेड़ बन रहे बाधक**

**बिना पेड़ काटे ही ठेकेदार को तालाब गहरीकरण का दे दिया गया काम... तालाब चौड़ीकरण का काम पड़ा खटाई में**

**ठेकेदार सुरक्षा धन जमा कर काम करने की अनुमति तलाश रहा पर बिना पेड़ काटे कैसे होगा काम ?...पेड़ कटाई मामले में डीएफओ की भूमिका भी संदिग्ध क्या नहीं है उन्हें जानकारी या फिर उनसे एसईसीएल ने ले ली अनुमति ?**


12 साल पूर्व बनाया गया तालाब


45 साल पूर्व के तालाब की स्थिति




-रवि सिंह-
बैकुंठपुर/कटकोना,30 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के सहक्षेत्र कटकोना अंतर्गत हाल ही में नीलगिरी के पेड़ों की अवैध कटाई की खबर दैनिक घटती-घटना ने प्रकाशित की थी,पेड़ प्लांटेशन के तहत वर्षों पूर्व लगाए गए थे जिनकी संख्या सैकड़ों में है और उनकी कटाई लकड़ी माफिया क्यों कर रहे हैं यह खबर का आधार था। खबर प्रकाशन के पीछे यह भी उद्देश्य था कि एसईसीएल के जिस क्षेत्र से नीलगिरी के पेड़ों की कटाई की जा रही है उस क्षेत्र पर खुद एसईसीएल लीज पर है और वह क्षेत्र वन विभाग का है ऐसे में वन विभाग की बिना अनुमति पेड़ कैसे काटे जा रहे हैं।

अब मामले में नई जानकारी सामने आई है,बताया जा रहा है कि जिस तालाब के तट के पेड़ों की कटाई की जा रही है वह तालाब गहरीकरण और चौड़ीकरण के लिए प्रस्तावित है एसईसीएल की तरफ से और उक्त तालाब के गहरीकरण और चौड़ीकरण के लिए निविदा भी हो चुकी है और अब काम चालू ही होना था कि पेड़ों का मामला नीलगिरी के सामने आ गया और काम रुक गया। वैसे बताया जा रहा है कि तालाब गहरीकरण और चौड़ीकरण के लिए निविदा निकाली गई और निविदा एक ठेकेदार को मिल भी गई लेकिन पेड़ों का क्या कैसे करना है नीलगिरी के यह उसमें उल्लेखित नहीं है वहीं इसी बीच पेड़ों की कटाई का जिम्मा लकड़ी माफियाओं को दिया गया जिन्होंने 50 से ज्यादा पेड़ काट भी डाले लेकिन पेड़ों की कटाई की अनुमति किसने दी इसका पता किसी को नहीं है? पेड़ों की कटाई को लेकर बताया जा रहा है कि न सहक्षेत्र प्रबंधक कटकोना को जानकारी है न क्षेत्रीय प्रबंधक को की पेड़ किसकी अनुमति से काटे गए वहीं ठेकेदार काम कैसे चालू करे उसकी यह परेशानी है पेड़ो के रहते जबकि उसने सुरक्षा निधि भी जमा कर दी है। वैसे नियमानुसार नीलगिरी के पेड़ों की कटाई भी वन क्षेत्र से किए जाने की स्थिति में वन विभाग से अनुमति आवश्यक है ऐसा जानकारों का कहना है और अनुमति ली गई ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। डीएफओ कोरिया का भी मामले में कोई बयान तब नहीं आया जब खबर प्रकाशित हुई और कैसे लकड़ी माफिया वन क्षेत्र से नीलगिरी के पेड़ काट ले गए इसकी उन्होंने कोई सुध नहीं ली। कोरिया जिले में वैसे भी लकड़ी माफियाओं को उच्च स्तरीय संरक्षण प्राप्त है और वह दिनरात जिले के पेड़ों की कटाई कर रहे हैं वहीं अब उनकी नजर वन क्षेत्र में जा पड़ी है जहां भी वह एकबार सफल हो चुके हैं और ऐसा ही रहा तो वह जल्द ही जिले की वन संपदा को निपटा जायेंगे।


तालाब चौडीकरण करने के लिए बिना अनुमति काटा जा रहा पेड़


एसईसीएल के सहक्षेत्र कटकोना कालरी क्षेत्र में लगे नीलगिरी के पेड़ किसकी अनुमति से काट रहे हैं लकड़ी माफिया ?

## पुराने तालाब के बगल में 12 साल पहले भी एक तालाब और निर्माण किया गया था अब दोनों को जोड़ने की जरूरत क्यों ?

12 वर्ष पहले एक तालाब का निर्माण किया गया था जो पुराने तालाब के पीछे था उसे समय भी नियम के विरुद्ध ही तालाब निर्माण हुआ था उसे समय भी सैकड़ो पेड काट दिए गए थे,अब एक बार फिर से इस तालाब के चौड़ीकरण के लिए नियम विरुद्ध तरीके से पेड़ काटे जा रहे हैं, एसईसीएल अपनी मनमानियां पर आ गई है और जो पुराने तालाब है उसको सौंदर्यकरण करने के बजाय नया तालाब तैयार कर रही है जबकि एसईसीएल में पुराना तालाब जो छठ घाट के लिए भी बनाया गया था उन सब सुविधाओं से भी लोग वंचित हो रहे हैं वहीं दूसरी जानकारी यह भी आ रही है कि भविष्य में खदानों के अंदर सीएम मशीन जाएगी जिसमें पानी की आवश्यकता होगी उसे पानी के लिए इस तालाब को बनाया जा रहा है तो फिर पुराने तालाब को ही क्यों नहीं जोड़ा जा रहा है ताकि पेड़ बिन कटे ही काम हो सके पुराने तालाब का विस्तार व सफाई करके भी यह काम हो सकता है पर एसईसीएल अपनी मनमानी है करती दिख रही है और पर्यावरण को भी प्रभावित कर रही है, पुराने तालाब के बगल में 15 साल पहले एक तालाब गहरीकरण किया गया था अब उन्हीं दोनों को जोड़ने का काम किया जाना है। अब इसकी क्या जरूरत है यह जानने और जिज्ञासा वाली बात है।

## बिना उच्च अधिकारियों के कैसे काट ले गए नीलगिरी के पेड़ लकड़ी माफिया ?

कटकोना सहक्षेत्र से लकड़ी माफिया कैसे बिना उच्च अधिकारियों की जानकारी के नीलगिरी के पेड़ काट ले गए यह बड़ा सवाल है। कोई न कोई तो एसईसीएल का ही ऐसा होगा जिसने ऐसा होने दिया और बातों को दबाया...जांच का यह विषय है क्योंकि यदि उच्च अधिकारियों को नहीं पता कि पेड़ काटा गया तो फिर बात बड़ी है।

## लकड़ी माफियाओं का वनक्षेत्र से पेड़ काट ले जाना भी बड़ी हिम्मत की बात...

लकड़ी माफिया वन क्षेत्र से नीलगिरी के पेड़ काट ले गए यह भी बड़ी बात है। वन विभाग का अमला क्यों ध्यान नहीं दे सका या उसने क्यों रोक नहीं लगाई जबकि काटे गए पेड़ो की संख्या 50 के आसपास थी। वन विभाग की भूमिका भी पूरे मामले में संदिग्ध है। वन विभाग को इस मामले में ध्यान कम से कम खबर प्रकाशन उपरांत जरूर देना था जो उसने अब तक नहीं दिया।

## 2 करोड़ में हुआ था तालाब चौड़ीकरण का टेंडर

एसईसीएल के द्वारा 2 करोड़ का टेंडर निकाला गया था इस तालाब के चौड़ीकरण के लिए 50 प्रतिशत कम लागत में एक करोड़ में यह टेंडर फाइनल हुआ टेंडर फाइनल होने के 3 महीने बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया जबकि 2 करोड़ के काम में ठेकेदार का एक करोड़ एसईसीएल के पास जमा है ठेकेदार आज 3 महीने से एक करोंड फंसाकर काम पाने के इंतजार में बैठा हुआ है पर एसईसीएल की लापरवाही से यह काम आज शुरू नहीं हो सकता है और आगे भी शुरू नहीं हो सकेगा पर क्या एसईसीएल ठेकेदार को एक करोड़ उसके ब्याज के साथ वापस करेगी?

## आखिर 45 साल बाद तालाब की क्या जरूरत पड़ी जिसके लिए 2 करोड़ का निकल गया टेंडर

45 सालों पुराने तालाब के गहरीकरण की आखिर क्या जरूरत आन पड़ी यह भी सवाल है। 45 सालों से जस का तस पड़ा तालाब क्यों और किस जरूरत के नाते गहरा किया जा रहा था जिसके लिए निविदा निकाली गई यह भी बड़ा सवाल है। जबकि 45 सालों से गोबरी जलाशय पानी लेने के लिए जल संसाधन को 15 लाख दिया जारहा था।

## बिना वन विभाग के परमिशन के आखिर कैसे हुआ टेंडर ?

वैसे वन क्षेत्र में एक करोड़ का टेंडर हुआ तालाब चौड़ीकरण का जहां पेड़ों की कटाई का मामला भी सामने आयेगा यह जानते हुए ऐसे में बिना वन विभाग की जानकारी के यह कैसे हुआ यह भी बड़ा सवाल है। वन विभाग को क्या सबकुछ मालूम है या बिना उसकी अनुमति सबकुछ हो रहा था।

## पेयजल के लिए एसईसीएल जल संसाधन विभाग को गोबरी जलाशय से पानी लेने के लिए हर साल देता है 15 लाख फिर इस तालाब के चौड़ीकरण की जरूरत क्यों

कटकोना सहक्षेत्र के निवासियों को पानी की सप्लाई के लिए एसईसीएल जल संसाधन विभाग को हर साल 15 लाख रुपए प्रदान करता है और गोबरी जलाशय से पानी लेता है। अब ऐसे में एसईसीएल को क्या जरूरत पड़ गई एक तालाब गहरीकरण की वह भी 2 करोड़ की लागत से यह भी सवाल खड़ा होता है।

## वन विभाग से अनुमति ली जानी थी आवश्यक,लकड़ी भी वन विभाग के सुपुर्द की जानी थी,जानकार

जानकारों की माने तो यदि पेड़ों की कटाई जरूरी ही थी तो वन विभाग की अनुमति आवश्यक थी वहीं लकड़ी भी वन विभाग के सुपुर्द जाती,अब ऐसा क्यों नहीं हुआ यह जांच का विषय है। वन विभाग मामले में मौन क्यों है यह भी समझ से परे है।



## एसईसीएल ढेलवाडीह क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की अनुपलब्धता से लोग परेशान

-संवाददाता-
कोरबा,30 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले की एसईसीएल खदान ढेलवाडीह में स्ट्रीट लाइट की अनुपलब्धता के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उप प्रबंधक की उदासीनता के कारण मेन चौक से गेट तक शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। स्ट्रीट लाइट की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण खदान एवं डीएसबी कॉलोनी जाने वाला मार्ग पर अंधेरा छाया रहता है, जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खदान रोड पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण कई बार छोटी-बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने इस समस्या का समाधान निकालने मांग की है। इस समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों ने आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट की अनुपलब्धता के कारण रात में घर से बाहर निकलना खतरनाक हो गया है। उन्होंने उप प्रबंधक से इस समस्या का समाधान निकालने मांग की है। इस संबंध में उप प्रबंधक से संपर्क करने कोशिश की गई, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# क्या नगर पंचायत खोंगपानी की राजनीति एक स्वागत द्वार पर अटक गई है ?

**स्वागत द्वार का नाम बदलना व चमकते स्वागत द्वार को एसीपी से फिर से नया बनाना क्या पैसा खर्च कर भ्रष्टाचार करने का उपाय है ?**

-रवि सिंह-
एमसीबी,30 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

राजनीति व भ्रष्टाचार में सारे प्रकाष्ठा पर करती है आगे बढ़ाने की सोच को जमीन दोज कर दिया गया है, एक ही जगह पर सुई अटक गई है, वह भी द्वेष की और गंदी राजनीति की जो इस समय देखने को मिल रहा है, एक स्वागत द्वार पर नगर पंचायत के अधिकारी सिर्फ नाम बदलने व चमकते हुए स्वागत द्वार को फिर से मरम्मत करने के नाम से पैसे खर्च हो रहे हैं, जिसका विरोध देखने को मिल रहा है जब पहली बार यह स्वागत द्वार बना था तो यह द्वार कांग्रेस की सरकार में बना था और उसे समय इस द्वार को स्वर्गीय स्व. बिसाहूदास महंत के नाम से बनवाया गया था, जिसमें उनका नाम अंकित हुआ था अब भाजपा की सरकार आते ही उसे चमकते हुए द्वार को फिर से एसीपी बोर्ड से दुबार उसकी सजावट किया गया, उसमें लाखों खर्च करके उसे नाम को बदल दिया गया है और वर्तमान विधायक का फोटो लगा दिया गया है अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर जब एक द्वारा बहुत अच्छा दिख रहा था फिर उसमें इतने पैसे खर्च करके दोबारा उसे द्वार को बनाने की क्या आवश्यकता पड़ गई? क्या पैसे न कम पाने की वजह से ऐसी तरकीब निकाला जाता है ताकि पैसा कमाया जा सके और शासकीय पैसे का दुरुपयोग किया जा सके?

आरोप लगाते हुए नगर पंचायत खोंगपानी उपाध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी कहां की स्व. बिसाहूदास महंत का नाम स्वागत द्वारा से हटाया गया उपाध्यक्ष के साथ कांग्रेसी करेंगें आंदोलन नगर पंचायत खोंगापानी के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष विवेक कुमार चतुर्वेदी द्वारा सीएमओ नगर पंचायत खोंगापानी को ज्ञापन देते हुए यह बताया कि खोंगापानी से नई लेदरी जाने वाले मार्ग पर अविभाजित मध्यप्रदेश के जननायक बांगो डेम एंव छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में वानरसेना का नेतृत्व करने वाले परम सम्माननीय स्व. बिसाहूदास महंत जी के स्मृति में स्वागत द्वार बनवाया गया था, जिसका लोकार्पण तत्कालीन राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन जय सिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया था परन्तु पूर्व नगर सरकार के द्वारा प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही अपनी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करते हुए स्वागत द्वार से स्व. बिसाहूदास महंत के नाम एंव फोटो को हटवा दिया गया जो कि न्यायसंगत नहीं है, जिसका हम विरोध करते हैं 07 दिवस के भीतर यदि स्वागत द्वार में स्व. बिसाहूदास महंत जी का नाम एंव फोटो अंकित नहीं कराया जाता है तब कि स्थिति में हम कांग्रेसियों एंव जनमानस के द्वारा आंदोलन किया जायेगा आंदोलन की स्थिति की समस्त जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी। सवाल यह उठता है कि क्या सरकार जब-जब बदलेंगे तब तक हर चौक चौराहे पर ऐसे स्मृतियों के नाम बदल जाएंगे जो भाजपा के विचारों के नहीं होंगे या फिर जो कांग्रेस के विचारों के नहीं होंगे क्या सत्ता परिवर्तन के साथ नाम परिवर्तन की राजनीति चलती?


पूर्व का स्वागत द्वार


वर्तमान स्वागत द्वार


नगर पंचायत खोंगपानी उपाध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी ज्ञापन सौंपते हुए

## संक्षिप्त खेल खबर

### सबालेंका ने पहली बार जीता मियामी ओपन खिताब



**मियामी,30 मार्च 2025।** आर्यना सबालेंका ने फाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराकर मियामी ओपन का अपना पहला खिताब जीता। पिछले साल के यूएस ओपन फाइनल के रीमैच में, शुरुआती सेट में तीन बार अपनी शानदार सर्विस टूटने के बावजूद, दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने शांतचित्त होकर 5-6 पर महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया, जिसने उन्हें चौथी रैंकिंग वाली पेगुला पर 1 घंटे 28 मिनट में 7-5,6-2 से जीत दिलाई और अपना पहला मियामी ओपन मास्टर्स 1000 खिताब जीता। यह सबालेंका के लिए एक बड़ी जीत थी, जिन्हें अपने पिछले दो फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन (मैडिसन कीज से) और इंडियन वेल्स (मीरा एंड्रीवा से) में मामूली हार का सामना करना पड़ा था।

आखिरकार, मैं फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने में सक्षम थी, और मैं परिणाम और प्रदर्शन से बहुत खुश हूं, मैं कहूंगी, इन महीनों के लिए। इसलिए,इस खूबसूरत (क्रिस्टल बुच बुचोलज) ट्रॉफी को पकड़कर बहुत खुश हूं।ईमानदारी से इस मैच में जाने से पहले, मेरी मानसिकता थी कि चाहे कुछ भी हो जाए,अगर वह मुझे तोडने वाली है, तो मेरी मानसिकता वहां रहने, खुद पर ध्यान केंद्रित करने, हर अंक के लिए लडने की थी, चाहे कुछ भी हो।सबालेंका ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं एक और फाइनल नहीं हारना चाहती थी। फाइनल में हारना वाकई बहुत मुश्किल है। इसलिए अगर कोई ऐसा कहता, तो मैं कहती,ठीक है, यह एक लड़ाई होने वाली है, मैं इसके लिए तैयार हूं।

सबालेंका अब अपने करियर में आठ डब्ल्यूटीए 1000 एकल खिताब जीत चुकी हैं, जो मारिया शारापोवा के कुल खिताबों की बराबरी है। 2009 में उस स्तर से लेकर अब तक डब्ल्यूटीए 1000 खिताबों में उनसे आगे केवल सेरेना विलियम्स (13),विक्टोरिया अजारेंका (10), इगा स्वीयाटेक (10), सिमोना हालेप (9) और पेट्रा क्वितोवा (9) हैं।

### प्वाइंट टेबल में टॉप पर पहुंची आरसीबी,आरआर 10 वें स्थान पर

**नईदिल्ली, 30 मार्च 2025।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दो मैच में दो जीत के साथ प्वाइंट टेबल में पहले स्थान पर कब्जा कर लिया है। आरसीबी के दो मैच में दो जीत के साथ चार अंक हैं



और टीम का नेट रन रेट (एनआरआर) बाकी टीमों के मुकाबले काफी ज्यादा है। आरसीबी का नेट रन रेट प्लस 2.266 है, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का एनआरआर प्लस 0.963 है।

### कुलदीप यादव ने की डीसी के कप्तान अक्षर पटेल के साथ अपनी स्पिन पार्टनरशिप के बारे में बात

**नईदिल्ली, 30 मार्च 2025।** आईपीएल 2025 में कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने जीत के साथ शुरुआत की है।



डीसी के लिए कुलदीप यादव ने अच्छी गेंदबाजी की और अहम विकेट लेकर विपक्षी टीम पर दबाव डाला। कुलदीप और अक्षर दोनों ही बाएं हाथ के अलग-अलग स्टाइल के स्पिनर हैं। कुलदीप यादव ने अक्षर पटेल के साथ अपनी स्पिन साझेदारी के बारे में बातचीत की।

# भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के शेड्यूल का ऐलान



**मेलबर्न,30 मार्च 2025।** ऑस्ट्रेलिया ने 2025-26 के लिए अपने घरेलू इंटरनेशनल शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इसके तहत भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के शेड्यूल का भी खुलासा हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार (30 मार्च) को अपने घरेलू इंटरनेशनल शेड्यूल की पुष्टि की, जिसका आगाज 10 अगस्त से होगा। जुलाई में वेस्टइंडीज का दौरा पूरा करने के कुछ सप्ताह बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के डार्विन, केर्न्स और मैके में साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 आईऔर 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। मैके पहली बार ऑस्ट्रेलिया की मेन्स टीम की मेजबानी करेगा। वहीं, डार्विन 17 सालों में पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट मैच की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ वनडे और टी20 आई सीरीज के शेड्यूल का भी ऐलान कर दिया है। टीम इंडिया 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच यानी 21 दिनों में कुल 8 मैच खेलेगी। वनडे सीरीज के तहत कुल 3 मैच खेले जाएंगे जबकि टी20 आई सीरीज में 5 मैचों का आयोजन होगा। इसके बाद 21 नवंबर से एशेज 2025-26 का आगाज होगा। एशेज का पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जाएगा।

**ऑस्ट्रेलिया का घरेलू इंटरनेशनल शेड्यूल इस प्रकार है...**

ऑस्ट्रेलिया बनाम साउथ अफ्रीका (3 टी20 आई, 3 ओडीआई)
10 अगस्तः पहला टी20 आई,डार्विन (दिन)
12 अगस्तः दूसरा टी20 आई, डार्विन (दिन)
16 अगस्तः तीसरा टी20 आई केर्न्स (दिन)
19 अगस्तः पहला वनडे, केर्न्स (दिन/रात)
22 अगस्तः दूसरा वनडे, मैके (दिन/रात)
24 अगस्तः तीसरा वनडे, मैके (दिन/रात)

**भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा (3 ओडीआई 5 टी 20 आई)**
19 अक्टूबरः पहला वनडे, पर्थ स्टेडियम (दिन/रात)
23 अक्टूबरः दूसरा वनडे, एडिलेड (दिन/रात)
25 अक्टूबरः तीसरा वनडे, सिडनी (दिन/रात)
29 अक्टूबरः पहला टी20आई, कैनबरा (रात)
31 अक्टूबरः दूसरा टी20आई, एमसीजी (रात)
2 नवंबरः तीसरा टी20आई, होबार्ट (रात)
6 नवंबरः चौथा टी20आई, गोल्ड कोस्ट (रात)
8 नवंबरः पांचवां टी20आई, गाबा (रात)

**मेन्स एशेज 2025-26**
21-25 नवंबरः पहला टेस्ट, पर्थ स्टेडियम
4-8 दिसंबरः दूसरा टेस्ट, गाबा (डे-नाइट)
17-21 दिसंबरः तीसरा टेस्ट, एडिलेड
26-30 दिसंबरः चौथा टेस्ट, एमसीजी
4-8 जनवरी, पांचवां टेस्ट, एससीजी

# मुंबई इंडियन और केकेआर के बीच मैच आज




### इन प्लेयर्स को बना सकते हैं कप्तान और उपकप्तान

**मुंबई,30 मार्च 2025।** आईपीएल 2025 में 12वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच 31 मार्च को मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में मुंबई का लक्ष्य हार के सिलसिले को तोड़ते हुए सीजन की पहली जीत दर्ज करने का होगा जबकि कोलकाता की टीम जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी।

मुंबई ने आईपीएल 2025 में चेन्नई के गढ़ में हार के साथ आगाज किया था। दूसरे मैच में भी टीम गुजरात टाइटन्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा। वहीं, दूसरी तरफ, कोलकाता को आरसीबी ने टूर्नामेंट के पहले ही मैच में हार का स्वाद चखाया। हालांकि, इसके बाद कोलकाता गुवाहाटी में खेले गए अपने दूसरे मैच में राजस्थान को हराने में सफल रही। अब मुंबई के गढ़ में कोलकाता की टीम एमआई की चुनौती का सामना करेगी।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड

मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच कुल 34 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से मुंबई ने 23 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि कोलकाता ने 11 मैचों में बाजी मारी है। मुंबई में दोनों टीमों का 13 बार आमना-सामना हुआ है, जिसमें च्यक्रको सिर्फ 3 बार जीत नसीब हुई है। वहीं,एमआई ने10 बार जीत दर्ज की है।

### एमआई व्हीएस कोलकाता नाईट राईडर्स आईपीएल 2025 मैच डिटेल्स

**तारीख और समयः- 31 मार्च, सोमवार**
**वेन्यूः वानखेड़े स्टेडियम मुंबई**
**समयः 7:30 पीएम**

### एमआई व्हीएस कोलकाता नाईट राईडर्स संभावित प्लेइंग 11

**मुंबई इंडियंस (संभावित प्लेइंग इलेवन):** रोहित शर्मा, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), विल जैक्स, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, मिचेल सेंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, सत्यनारायण राजू।

**कोलकाता नाइट राइडर्स (संभावित प्लेइंग इलेवन):** क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), मोइन अली, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा।

### एमआई व्हीएस कोलकाता नाईट राईडर्स ड्रीम11 प्रेडिक्शन

विकेटकीपरः क्विंटन डिकॉक (उपकप्तान), रयान रिकेल्टन
बल्लेबाजः सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), तिलक वर्मा, वेंकटेश अय्यर
ऑलराउंडरः हार्दिक पांड्या, मोईन अली, आंद्रे रसेल
गेंदबाजः ट्रेंट बोल्ट, हर्षित राणा, दीपक चाहर।

### स्क्वॉयड

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**कोलकाता नाइट राइडर्सः** रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसल, सुनील नरेन, हर्षित राणा, रमनदीप सिंह, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, अनुकूल रॉय, मोईन अली, रोवमन पावेल, वेंकटेश अय्यर, लवनीथ सिसोदिया, क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज, एनरिक नॉर्खिया, मयंक मार्कंडेय, स्पेन्सर जॉनसन, उमरान मलिक, वैभव अरोड़ा।

## पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड के बीच दूसरा ओडीआई 2 अप्रैल को



**न्यूजीलैंड,30 मार्च 2025।** पाकिस्तानी टीम की वनडे सीरीज में बहुत ही खराब शुरुआत हुई थी। जब उसे पहले वनडे में ही 73 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वह वनडे सीरीज में 0-1 से पीछे हो गई थी। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे मुकाबला 2 अप्रैल को खेला जाएगा। पाकिस्तान को सीरीज बचाने के लिए ये मैच हर हाल में जीतना होगा। मैच हारने से वह सीरीज भी गंवा देगी।

### पहले वनडे में पाकिस्तान को मिली थी करारी हार

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में पाकिस्तानी टीम के गेंदबाज बुरी तरह से फ्लॉप रहे थे और सभी ने खूब रन लुटाए थे। न्यूजीलैंड के लिए मार्क चैपमैन ने शतक जड़ते हुए 132 रनों की पारी खेली। वहीं डेरिल मिचेल और मुहम्मद अब्बास ने भी अर्धशतक लगाए। इन प्लेयर्स की वजह से ही न्यूजीलैंड ने 344 रन बनाए। इसके बाद पाकिस्तान के लिए बाबर आजम और सलमान अली आगा ने भी बेहतरीन पारियां खेली, लेकिन इन दोनों प्लेयर्स के आउट होते ही पाकिस्तानी बल्लेबाजी बिखर गई। पूरी पाकिस्तानी टीम 271 रन ही बना पाई और 50 ओवर्स भी नहीं खेल पाई थी।

### पाकिस्तान के लिए जीत है बेहद जरूरी

अब पाकिस्तान के लिए दूसरे वनडे मैच में जीत दर्ज करना बहुत ही जरूरी हो गया है, क्योंकि सीरीज में वह पीछे हैं और वह दूसरा वनडे मैच हारते ही सीरीज उसके हाथ निकल जाएगी। वहीं दूसरा वनडे मैच जीतने पर सीरीज 1-1 से बराबरी पर होगी। फिर सीरीज का फैसला तीसरे वनडे मैच में होगा।

### वनडे सीरीज के लिए पाकिस्तानी टीम का स्क्वॉयडः-

मोहम्मद रिजवान (कप्तान), सलमान अली आगा (उप-कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आकिफ जावेद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, इमाम-उल-हक, खुशदिल शाह, मोहम्मद अली, मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सुफयान मोकीम और तैयब ताहिर, हारिस रऊफ।



# भारतीय महिला टीम करेगी ऑस्ट्रेलिया का दौरा

### तीनों फॉर्मेट की सीरीज के लिए शेड्यूल का हुआ ऐलान

**नईदिल्ली,30 मार्च 2025।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 30 मार्च को अपने आगामी होम इंटरनेशनल शेड्यूल का ऐलान कर दिया, जिसमें इस बार भारतीय पुरुष टीम जहां लिमिटेड ओवर्स सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी तो वहीं भारतीय महिला टीम साल 2026 की शुरुआत में तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाएगी। भारतीय टीम इस सीरीज की शुरुआत तीन मैचों की टी20 सीरीज के साथ करेगी, जिसके बाद उसे मेजबान टीम के खिलाफ तीन वनडे मैच और फिर अंत में एक टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। टेस्ट मुकाबला पिंक बॉल से खेला जाएगा। भारतीय महिला टीम ने अपना पिछला डे-नाइट टेस्ट मैच साल 2021 में गोल्ड कोस्ट के मैदान पर खेला था।

### डब्ल्यूपीएल की वजह से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को ये सीरीज

बीसीसीआई की फ्रेंचाइजी आधारित महिला टी20 लीग विमेंस प्रीमियर लीग का चौथा सीजन साल 2026 में जनवरी के महीने में खेला जाएगा। इसके चलते क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को भारतीय महिला टीम के खिलाफ इस सीरीज के शेड्यूल को फरवरी-मार्च के महीने में शिफ्ट करना पड़ा। इस दौरे पर खेले जानी टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 15 फरवरी को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। वहीं दूसरा मैच 21 फरवरी को एडिलेड ओवल के मैदान पर खेला जाएगा। वहीं इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी जिसका पहला मैच 24 फरवरी को, दूसरा 27 फरवरी जबकि तीसरा मैच एक मार्च को जंक्शन ओवल के मैदान पर खेला जाएगा। टी20 और वनडे सीरीज के सभी मुकाबले डे-नाइट होंगे।



## राजकुमार संतोषी के एक तरफा प्यार ने तबाह किया करियर

# कभी श्रीदेवी-माधुरी दीक्षित को टक्कर देती थी ये सुपरस्टार

पिछले कुछ दशकों में बॉलीवुड में ऐसी कई अभिनेत्रियों ने कदम रखे, जिन्होंने अपनी खूबसूरती और टैलेंट से दर्शकों का मन मोह लिया। कुछ तो ऐसी भी अभिनेत्रियां आईं, जिनके स्टारडम के आगे अभिनेताओं की लोकप्रियता भी प्रभावित होने लगी। हालांकि,जब बात करियर के लंबे समय तक चलने की आती है, तो अभिनेत्रियों का फिल्मी सफर खासतौर पर स्टारम अभिनेताओं जितना लंबा नहीं रह पाता। आज हम आपको एक ऐसी अभिनेत्री के बारे में बताएंगे जिसने बिना किसी गॉडफादर के बॉलीवुड में बड़ा नाम कमाया। हम बात कर रहे हैं 80 और 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेस में शुमार मीनाक्षी शेषाद्रि की,जिन्होंने 1983 में मनोज कुमार के प्रोडक्शन में बनी फिल्म पेंटर बाबू से अपने करियर की शुरुआत की थी।

मीनाक्षी शेषाद्रि ने पेंटर बाबू से अपना डेब्यू किया और अपनी दूसरी ही फिल्म के साथ हर तरफ छा गईं। उनकी दूसरी फिल्म थी हीरो (1983), जिसमें वह जैकी श्रॉफ के साथ नजर आई थीं और अपनी दूसरी फिल्म के साथ वह स्टार बन गईं। इसके बाद उन्होंने केवल बॉलीवुड के सुपरस्टार्स के साथ ही काम किया। मीनाक्षी शेषाद्री ने अपने करयिर में ऋषि कपूर से लेकर अमिताभ बच्चन, मिथुन चक्रवर्ती, रजनीकांत, आमिर खान, सनी देओल, और गोविंदा जैसे स्टार्स के साथ काम किया और इसी दौरान वह डायरेक्टर्स की भी पहली पसंद बन गईं। हालांकि, एक निर्देशक के एक तरफा प्यार और झगड़े के कारण उनका अच्छा-खासा करियर पटरी से उतर गया।

1990 में मीनाक्षी शेषाद्रि ने सनी देओल और निर्देशक राजकुमार संतोषी के साथ घायल और दामिनी में काम किया। दोनों ही फिल्में ब्लॉकबस्टर रहीं। दामिनी की शूटिंग के दौरान ही राजकुमार संतोषी ने मीनाक्षी से अपने दिल की बात कही और उन्हें शादी के लिए प्रपोज़ किया, लेकिन उन्होंने इस प्रपोजल को ठुकरा दिया। कथित तौर पर राजकुमार संतोषी ने इसके बाद भी मीनाक्षी शेषाद्रि को मनाने की कोशिश की, जिसके चलते दोनों के बीच काफी झगड़ा हुआ। इस पर फिल्म निर्माता ने उन्हें दामिनी में रिप्लेस करने की कोशिश की। लेकिन,सिने वर्कर्स एसोसिएशन के हस्तक्षेप के बाद वह ऐसा नहीं कर पाए और बाद में उन्होंने घातक में भी साथ काम किया, जिसके लिए मीनाक्षी को कथित तौर पर पहले ही साइन कर लिया गया था।

1995 में मीनाक्षी शेषाद्रि के फैंस तब निराश हो गए जब अभिनेत्री ने अभिनय से संन्यास ले लिया। उन्होंने इन्वेस्टमेंट बैंकर हरीश मैसूर से न्यूयॉर्क में रजिस्टर्ड मैरिज की और इसके बाद टेक्सास के प्लेनो चली गईं। मीनाक्षी और हरीष के दो बच्चे हैं, एक बेटी और एक बेटा। मीनाक्षी अक्सर मुंबई आती रहती हैं और हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड में वापसी की इच्छा भी जाहिर की थी। मीनाक्षी शेषाद्रि एक आउटसाइडर होने के बाद भी जल्द ही बॉलीवुड की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। उन्होंने अपने करियर में मेरी जंग, स्वाति, दिलवाला,डकैत,इनाम दस हजार,परिवार, शहंशाह, महादेव, आवारगी, जुर्म और घर हो तो ऐसा जैसी कई हिट फिल्में दीं। मीनाक्षी की लगातार हिट फिल्मों ने 80-90 के दशक में उन्हें श्रीदेवी,माधुरी दीक्षित,काजोल और जूही चावला जैसी हिट अभिनेत्रियों के लिए एक बड़ी कॉम्पटीशन बना दिया था।

## महत्वपूर्ण खबर

### देश की जनता को जागरूक और सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है 'मन की बात'-विष्णु देव साय



**रायपुर,30 मार्च 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में नवगुरुकुल और नेतृत्व साधना केंद्र की बालिकाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 120वीं कड़ी को सुना। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव और विधायक पुरंदर मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### ईद का चाँद दिखा,आज देश भर में मनाई जाएगी ईद

**रायपुर,30 मार्च 2025(ए)।** रमजान के 29वें रोजे का चांद छत्तीसगढ़ के रायपुर सहित कई जिलों में नजर आने के साथ ही कल ईद मनाए जाने की पुष्टि हो गई। आज शाम रायपुर के गुढ़ियारी सहित अंबिकापुर, मुंगेली, रायगढ़, बिलासपुर में चाँद का लोगों ने दीदार किया और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।इस मौके पर कल राजधानी रायपुर की 50 से अधिक मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की जाएगी। इससे पहले, रविवार को रमजान की आखिरी नमाज अदा की गई, जिसमें मस्जिदों में अलविदा माहे रमजान का खुत्बा पढ़ा गया।

### रायपुर की सीजीएसटीटीम ने कारोबारी को किया अरेस्ट

#### पकड़ी गई 10 करोड़ की टैक्स चोरी

**रायपुर,30 मार्च 2025(ए)।** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग ने 10 करोड़ 38 लाख 83 हजार 84 रुपए की कर चोरी के आरोप में मेसर्स ओविया ट्रेडर्स नामक फर्म की संचालिका के पति विनय



कुमार टंडन को भिलाई से गिरफ्तार किया है।

# 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

### 68 लाख का घोषित था इनाम..

**रायपुर,30 मार्च 2025(ए)।** बीजापुर जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया,जिनमें से 14 पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम था। एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने राज्य पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने हथियार डाल दिए। बीजापुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया, 'उन्होंने माओवादी विचारधारा की खोखली और अमानवीयता, प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा आदिवासियों के शोषण और आंदोलन के भीतर पनप रहे मतभेदों का हवाला देते हुए आत्मसमर्पण किया। वे सुरक्षा बलों द्वारा शिविर लगाने और 'निया नेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं, जिसके तहत बल और प्रशासन दूरदराज के इलाकों में बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।'
कुल 68 लाख रुपये का इनाम उन्होंने बताया, 'आत्मसमर्पण करने वाले 50 लोगों में से छह पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है, जिनमें से तीन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है। पांच पर एक-एक लाख रुपये का इनाम है। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स,स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ),सीआरपीएफ और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन) ने उनके आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'पीएम मोदी के दौरे के कुछ घंटे पहले किया आत्मसमर्पण एसपी ने कहा कि आंदोलन छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने वाले नक्सलियों के लिए सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा। यह आत्मसमर्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के दौरे से कुछ घंटे पहले हुआ है। वह 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, काम शुरू करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। संयोग से सुरक्षा बलों ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के सुकमा और बीजापुर जिलों में दोहरे मुठभेड़ों में 11 महिलाओं सहित 18 नक्सलियों को मार गिराया, जो 31 मार्च, 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के मिशन में एक बड़ी सफलता है।



### देश में इतिहास बनकर रह जाएगा नक्सलवाद



छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 50 नक्सलियों ने सरेंडर किया। इसकी जानकारी देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने प्रतिक्रिया दी है। गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद केवल इतिहास बनकर रह जाएगा, यह हमारा संकल्प है. उन्होंने कहा 'मैं हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का स्वागत करता हूं। छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को लगातार बड़ी कामयाबी मिल रही रही है। शनिवार (29 मार्च) को हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 17 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया था. इस बीच रविवार को बीजापुर में 50 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसर्मपण किया हैं ।बस्तर के बीजापुर में 50 नक्सलियों के सरेंडर की जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 50 नक्सलियों में से 14 पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम घोषित था। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चल रहे नक्सल विरोधी अभियान और लोन वर्राटू (घर वापस आओ) अभियान की एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है. यह अभियान क्षेत्र में माओवाद के खिलाफ चल रहे अथक अभियान में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ता है, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि अगले साल तक देश नक्सल मुक्त हो जाएगा.




## 10-12 वीं पास कराने को लेकर दलाल सक्रिय

### माध्यमिक शिक्षा मंडल ने किया अलर्ट

**रायपुर,30 मार्च 2025(ए)।** माशिमं और स्कूल शिक्षा विभाग में 10-12 वीं पास कराने के नाम पर एक दलाल सक्रिय हो गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस संबंध में कॉल आने पर रिपोर्ट कराने को कहा है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा इस संबंध में जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के उपरांत वर्तमान में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। पूर्व वर्ष 2024 में बोर्ड परीक्षा में पास करने के लिये छात्रों/पालकों को फर्जी फोन कॉल आये थे। फर्जी कॉलर द्वारा परीक्षा परिणाम सुधारने हेतु अनुचित मांग की गई थी। इस संबंध में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संज्ञान में लेते हुये अलर्ट किया है कि बोर्ड परीक्षा में पास करने के लिये छात्र/छात्राओं एवं पालकों को किसी भी प्रकार का फर्जी फोन कॉल आते हैं तो उसे ध्यान न देते हुये अनावश्यक किसी प्रकार का लेन-देन की कार्यवाही न करें तथा उक्त फर्जी कॉल के संबंध में अपने नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

# शादी से पहले ही लव जिहाद



### 18 अप्रैल को होनी थी शादी! कार्ड भी बंट गए...इससे पहले हो गया लव जिहाद

**राजनांदगांव,30 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में लव जिहाद का मामला सामने आया है। जहां सोमनी थाना क्षेत्र में यादव समाज की लड़की की शादी 18 अप्रैल को होना तय हुआ था। शादी की तैयारियां पूरी हो चुकी थी। बकायदा समाज व रिश्तेदारों को कार्ड बांट जा चुके थे लेकिन एक मुस्लिम लड़का उसे भगा कर ले गया। परिजनों का आरोप है कि मुस्लिम लड़के ने उनकी बेटी का ब्रेन वाश किया और उसे भगा ले गया और शादी कर ली। मामले को लेकर परिजनों और हिंदू संगठन ने नाराजगी जताई है।युवती के परिजनों ने बताया कि जब वे इस घटना की रिपोर्ट लिखाने तीन चार बार सोमनी थाना पहुंचे तो सोमनी टीआई ने रिपोर्ट लिखने से मना कर दिया। इसके बाद कलेक्टर के समक्ष लिखित शिकायत देने के बाद सोमनी थाने को नोटिस जारी किया गया तो टीआई ने परिजनों को सूचना दिए बिना ही लड़के और लड़की का बयान लेकर छोड़ दिया गया।बताया जा रहा है कि युवक-युवती द्वारा जिला विवाह कार्यालय में जाकर विवाह कर लिया गया लेकिन पंजीयन के लिए जो शपथ पत्र पेश किया गया है उसमें युवती के हस्ताक्षर नहीं है। विवाह की पूरी प्रकिया ही नियम विरुद्ध है। आज स्थिति यह है कि लड़की कहां है इसका कोई अतापता नहीं है। इसलिए आज विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा कलेक्टर कार्यालय में हंगामा किया गया और जल्द से जल्द मुस्लिम लड़के के ऊपर कार्रवाई करने की मांग की है।




## छत्तीसगढ़ में प्री बीईडी और डी.ईएल. ईडी की एंट्रेंस एग्जाम का शेड्यूल जारी

**रायपुर,30 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। छत्तीसगढ़ व्यापमं ने प्री बीईडी और प्री डी.ईएल.ईडी प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी तय समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
व्यापमं ने परीक्षा के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। इस साल परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन, परीक्षा तिथियों और एडमिट कार्ड को लेकर व्यापमं ने पूरी जानकारी साझा की है।
**शुरुआत:** 28 मार्च 2025 **(शुक्रवार)**
**अंतिम तिथि:** 25 अप्रैल 2025 **(शुक्रवार) शाम 5:00 बजे तक**
**फॉर्म में संशोधन (करेक्शन विंडो):** 26 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025, शाम 5:00 बजे तक परीक्षा की संभावित तारीख 22 मई तय की गई है

### परीक्षा तिथि और समय

**संभावित परीक्षा तिथि:-22 मई 2025 (गुरुवार)**
**प्री बीईडी: सुबह 10:00 से 12:15 बजे तक**
**प्री डी.ईएल.ईडी : दोपहर 2:00 से 4:15 बजे तक**
**एडमिट कार्ड जारी होने की तिथि:- 14 मई 2025 (बुधवार)**
**परीक्षा केंद्र: छत्तीसगढ़ के 33 जिला मुख्यालयों में होंगे।**

### स्थानीय अभ्यर्थियों को एग्जाम फीस नहीं देनी होगी

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को राहत दी है। सरकार के आदेशानुसार, इस परीक्षा में शामिल होने वाले स्थानीय अभ्यर्थियों से कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। इससे हजारों छात्रों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।

### कैसे करें आवेदन ?

उम्मीदवार व्यापमं की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने से पहले सभी जरूरी दस्तावेजों को तैयार रखें और निर्धारित समय सीमा के भीतर फॉर्म जमा करें।

# ट्रक के अंदर हुआ भीषण ब्लास्ट


**रायगढ़,30 मार्च 2025(ए)।** ट्रक के भीतर खाना बनाते दौरान सिलेंडर ब्लास्ट हो गया है। 5 लीटर एलपीजी सिलेंडर के फटने के बाद ट्रक में आग लग गई और उसके सामने का हिस्सा जलने लगा। घटना के बाद मामले की सूचना दमकल विभाग को दी गई। जहां दमकल वाहन मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।
मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर में कबीर चैक ओड़िसा रोड पर स्थित एक निजी गोदाम में गुड़ खाली करने के लिए ट्रक आया था। गोदाम के बाहर ट्रक खड़ी थी और ट्रक भीतर इंजन के पास 5 लीटर वाले एलपीजी सिलेंडर से खाना बनाने के लिए बर्तन चढ़ाया गया था। तभी अचानक से सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इससे आसपास अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। देखते ही देखते ट्रक के सामने वाले हिस्से में आग लग गई। इसके बाद आसपास के लोगों ने मामले की सूचना जूटमिल पुलिस व दमकल विभाग को दी। जहां तत्काल दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू में पाने का प्रयास किया गया। ऐसे में करीब आधे घंटे में आग को बुझा लिया गया।



# सुसाइड नोट छोड़कर लापता हुआ कर्मचारी

### दो महिला कर्मियों पर लगाए गंभीर आरोप

**कोरबा,30 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड में कार्यरत 33 वर्षीय गोपाल दास बीते 24 घंटे से लापता हैं। गायब होने से पहले उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उन्होंने विभाग में कार्यरत दो महिला कर्मियों लीना और रश्मि उसेंडी को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। इस घटना के बाद परिजनों और पुलिस ने उनकी खोजबीन तेज कर दी है। लापता कर्मचारी गोपाल दास ने यह सुसाइड नोट अपने परिजनों और स्टाफ कर्मियों को व्हाट्सएप पर भेजा था। इसमें उन्होंने साफ लिखा कि मेरी मौत के लिए सिर्फ और सिर्फ दो महिला कर्मचारी जिम्मेदार होंगी। इस संदेश के बाद जब परिजनों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। घबराए परिजनों ने तुरंत गांव से आकर सीएसईबी चौकी पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। परिजनों का कहना है कि गोपाल दास मानसिक तनाव में थे, लेकिन उन्होंने इतना बड़ा कदम उठा लिया होगा,यह किसी को अंदाजा नहीं था। पुलिस और परिजन युवक की तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।



### सुसाइड नोट की हो रही पड़ताल

पुलिस अब सुसाइड नोट की सत्यता की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गोपाल दास किन परिस्थितियों से गुजर रहे थे। इसके साथ ही, जिन दो महिला कर्मियों पर आरोप लगाए गए हैं,उनसे भी पूछताछ की जा सकती है। गोपाल दास के परिजन और सहकर्मी बेहद चिंतित हैं और उनकी सुरक्षा को लेकर आशंकित हैं। परिजनों ने पुलिस से जल्द से जल्द उनकी खोजबीन तेज करने की मांग की है।

## भ्रष्ट ठेकेदार हुआ गिरफ्तार

### जल जीवन मिशन योजना का 25 लाख रूपए का किया था गबन

**रायगढ़,30 मार्च 2025(ए)।** घरघोड़ा पुलिस ने अमानत में खयानत के गंभीर मामले में सक्ती जिले के निवासी शकील अहमद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी पर आरोप है कि उसने कंस्ट्रक्शन कंपनी मेसर्स आर्या के अधीन जल जीवन मिशन योजना के तहत जल-नल कनेक्शन के काम में ठेकेदारी ली थी, लेकिन काम अधूरा छोड़कर करीब 25 लाख रुपये की सामग्री का कोई हिसाब-किताब नहीं किया। घटना को लेकर 28 मार्च को मेसर्स आर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी रायगढ़ के एकाउंटेंट मिथलेश कुमार पटेल ने थाना घरघोड़ा में शिकायत दर्ज कराई।



## छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच स्कूल के समय में बदलाव



**बेमेतरा,30 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। इसे देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया। बेमेतरा जिला प्रशासन ने स्कूलों की टाइमिंग को लेकर आदेश जारी किया है। जिसके तहत अब स्कूल अब सुबह 7 से 11 बजे तक बच्चों की क्लास लगेगी। इस आदेश से स्कूली बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी।

### निजी और सरकारी स्कूलों में लागू होंगे नियम

बेमेतरा जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के लिए शाला के संचालन के समय में परिवर्तन किया है। जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय शैक्षणिक संस्थाएं 1 अप्रैल से प्रातः 7 से लेकर 11 बजे तक लगेगी। एक ही पाली में लगने वाली समस्त शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सोमवार से शनिवार प्रातः 7:00 बजे से 11:00 तक लगा करेंगी।

### परीक्षा होगी दो पालियों

ऐसी शालाएं जहां कक्षाएं दो पालियों में कक्षाएं संचालित होती है, वहां पर प्रथम पाली की कक्षाएं सुबह 7 से 11 तक तथा द्वितीय पाली की कक्षाएं 11 बजे से 3 तक लगा करेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा है कि यह आदेश 1 से 30 अप्रैल 2025 तक लागू रहेगी। सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय इस समय सारणी का कड़ाई से पालन करेंगे।



## एमपी की शराब छत्तीसगढ़ में खपा रहा था तस्कर

**राजनांदगांव,30 मार्च 2025(ए)।** जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक के करवारी-लतमर्रा स्थित कच्चे मार्ग में एक फार्म हाउस से अवैध शराब का एक बड़ा जखीरा बरामद करने के बाद पुलिस को तस्करी को लेकर चौंकाने वाली जानकारियां मिली है। यहां पुलिस ने 28 लाख कीमत की शराब की 400 से ज्यादा पेटियां बरामद की, वहीं फार्म हाउस से पुलिस को लेबल, हालमार्क और खाली शीशियां भी मिली है।पुलिस को अंदेशा है कि तस्कर द्वारा मध्यप्रदेश की शराब को बेचने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के नकली हॉलमार्क,लेबल के जरिये बॉटलिंग की जा रही थी। फिलहाल मुख्य तस्कर पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक डोंगरगढ़ पुलिस ने छापामार कर फार्म हाउस से शराब की सैकड़ों पेटियां जब्त की है। हालांकि पुलिस कार्रवाई से पहले आरोपी फरार हो गया था। जब्त शराब की बाजार में लगभग 28 लाख रुपए कीमत बताई जा रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)